मंगलवार, 19 अगस्त 2025

मौसम

तापमान 25 – 30
आर्द्रता 79%
सूर्योदय: 5:14 सूर्यास्त: 18:06

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




हावड़ा ब्रिज के ऊपर दिखा इंद्रधनुष

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, भाद्रपद कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : ऊर्जा का उपयोग चिंता के बदले समाधान ढूंढने में करना बेहतर है।




# 1960 की सिंधु जल संधि जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी भूल: जेपी नड्डा

## प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक गलती सुधारी



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि सिंधु जल संधि सबसे बड़ी भूलों में से एक थी और इसे निलंबित करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक और गंभीर ''ऐतिहासिक भूल'' को सुधारा है। नड्डा ने 1960 की संधि को ''नेहरू की बहुत बड़ी भूल'' बताते हुए आरोप लगाया कि इसने भारत की जल सुरक्षा और राष्ट्रीय हित को स्थायी रूप से खतरे में डाल दिया। उन्होंने कहा, ''सिंधु जल संधि, 1960 पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी भूलों में से एक थी जिसने राष्ट्रीय हित को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं की वेदी पर रख दिया। राष्ट्र को यह पता होना चाहिए कि जब पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए थे तो उन्होंने सिंधु बेसिन के 80 प्रतिशत जल को पाकिस्तान को एकतरफा तौर पर सौंप दिया था जिससे भारत के पास केवल 20 प्रतिशत हिस्सा रह गया था।'' नड्डा ने कहा, ''यह एक ऐसा निर्णय था जिसने भारत की जल सुरक्षा और राष्ट्रीय हित को स्थायी रूप से खतरे में डाल दिया। सबसे भयावह पहलू यह था कि उन्होंने भारतीय संसद से परामर्श किए बिना ऐसा किया।'' उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''इस संधि पर सितंबर 1960 में हस्ताक्षर किए गए थे लेकिन इसे संसद में दो महीने बाद नवंबर में और वह भी केवल दो घंटे की औपचारिक चर्चा के लिए रखा गया।'' भाजपा नेता ने कहा कि यह संधि इतनी ''बड़ी भूल'' थी कि पंडित नेहरू की पार्टी के सांसदों ने भी इसका कड़ा विरोध किया था। उन्होंने कहा, ''उन्होंने (नेहरू ने) बहुत कुछ दिया लेकिन बदले में कुछ भी नहीं पाया। कांग्रेस के अशोक मेहता ने इस संधि की कड़ी आलोचना की थी और इसे देश के लिए 'दूसरे विभाजन' के समान बताया था। उनके शब्दों ने नेहरू के पूरी तरह समर्पण करने को लेकर न केवल उनकी अपनी पार्टी के भीतर बल्कि पूरे विपक्ष और पूरे देश में महसूस किए गए दुःख और सदमे को व्यक्त किया।'' भाजपा नेता ने कहा, ''अगर प्रधानमंत्री मोदी का साहसिक नेतृत्व और 'राष्ट्र पहले' को लेकर उनकी प्रतिबद्धता न होती तो भारत आज भी एक व्यक्ति के गलत आदर्शवाद की कीमत चुकाता रहता। सिंधु जल संधि को निलंबित करके प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस द्वारा की गई एक और गंभीर ऐतिहासिक भूल को सुधारा है।''

## अगर 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म रोकी गई, तो कानूनी रास्ता अपनाऊंगा: विवेक अग्निहोत्री




**नयी दिल्ली :** फिल्म निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने सोमवार को कहा कि अगर उनकी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' की रिलीज पश्चिम बंगाल में रोकी गई, तो वह कानूनी रास्ता अपनाएंगे। कोलकाता में शनिवार को फिल्म के 'ट्रेलर' 'लॉन्च' में बाधा डाली गई। अग्निहोत्री ने दावा किया कि पहले एक मल्टीप्लेक्स ने कार्यक्रम रद्द कर दिया और फिर उसे एक होटल में निर्धारित किया गया, जहां बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और पुलिस ने वहां पहुंच कर अनुमति लिए जाने के बारे में पूछताछ शुरू कर दी। फिल्म निर्देशक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ''हम संविधान के अनुसार काम करेंगे। हम कानून के अनुसार चलेंगे। अगर वे हमें रोकते हैं, तो हम कानूनी रास्ता अपनाएंगे। हम क्या कर सकते हैं? हम भी आपकी तरह आम नागरिक हैं... हम प्रार्थना करेंगे कि सद्बुद्धि आए और राज्य सरकार ऐसा (रिलीज रोकने) न करे।'' 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म पांच सितंबर को रिलीज होने वाली है, जो 1946 के कलकत्ता दंगों पर आधारित है।

## शिक्षक भर्ती घोटाला : सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को दी सशर्त जमानत

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को शिक्षक भर्ती मामले में सोमवार को जमानत दे दी, लेकिन साथ ही कहा कि अधीनस्थ अदालत द्वारा महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज किये जाने के बाद ही उन्हें रिहा किया जाएगा। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि चटर्जी ने लगभग तीन साल जेल में काटे हैं और उन्हें लगातार जेल में रखना 'न्याय का उपहास' होगा। शीर्ष अदालत ने लोक सेवकों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत चार सप्ताह के भीतर आरोप तय करने और दो महीने के भीतर बयान दर्ज करने का निर्देश दिया। उसने मामले में सुबीरेस भट्टाचार्य और शांतिप्रसाद सिन्हा को भी जमानत दे दी। उल्लेखनीय है कि पार्थ चटर्जी 2001 से विधायक हैं और वह 2011 से 2022 तक पश्चिम बंगाल में मंत्री रहे हैं। उन्होंने 2016 से राज्य में शिक्षा विभाग का कार्यभार संभाला। उन पर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों, सहायक शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अन्य पदों पर अयोग्य उम्मीदवारों की अवैध नियुक्तियां करने वाले एक गिरोह में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। अधीनस्थ अदालत ने तीन अगस्त, 2023 को पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उच्च न्यायालय ने 30 अप्रैल को उनकी याचिका ठुकरा दी थी।

## शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की, अंतरिक्ष ले जाया गया तिरंगा उपहार में दिया



**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सोमवार को मुलाकात की। शुभांशु शुक्ला 25 जून 2025 को 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत अंतरिक्ष में गए थे। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिन रहे और 15 जुलाई को वापस लौटे। शुक्ला ने प्रधानमंत्री से लोक कल्याण मार्ग स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। मोदी ने इसरो अंतरिक्ष यात्री की जैकेट पहने शुक्ला को गर्मजोशी से गले लगाकर उनका स्वागत किया और उनके कंधे पर हाथ रखकर उनके साथ चले। शुक्ला ने प्रधानमंत्री को 'एक्सिओम-4 मिशन' का 'मिशन पैच' और वह भारतीय तिरंगा भेंट किया, जो वह अपने साथ आईएसएस ले गए थे। जब शुक्ला और मोदी ने 29 जून को बातचीत की थी, तब आईएसएस पर पृष्ठभूमि में यह भारतीय तिरंगा लहरा रहा था। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''शुभांशु शुक्ला के साथ बहुत बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने अंतरिक्ष में उनके अनुभवों, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रगति और भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित कई विषयों पर चर्चा की। भारत को उनकी इस उपलब्धि पर गर्व है।'' लखनऊ में जन्मे अंतरिक्ष यात्री को प्रधानमंत्री मोदी को आईएसएस से ली गई तस्वीरें 'टैबलेट कंप्यूटर' पर दिखाते हुए देखा गया। शुक्ला 'एक्सिओम-4' निजी अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा थे, जो 25 जून को फ्लोरिडा से रवाना हुआ था और 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा था। शुक्ला रविवार को भारत लौट आये।

## निर्वाचन आयोग ने बिहार मतदाता सूची से हटाए 65 लाख लोगों के नाम सार्वजनिक किए

**पीड़ित व्यक्ति आधार की प्रति जमा कर सकते हैं: मतदाता सूची पर शीर्ष अदालत के निर्देश के बाद निर्वाचन आयोग ने कहा**

**पटना :** निर्वाचन आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख लोगों के नाम सोमवार को सार्वजनिक कर दिये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम उच्चतम न्यायालय के उस निर्देश की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें कहा गया था कि हटाए गए नामों का विवरण 19 अगस्त तक सार्वजनिक किया जाए और 22 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर 'एएसडी' (अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत) मतदाताओं के नाम प्रकाशित किये, साथ ही इसने उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर अमल करते हुए हटाए गए नामों का प्रकाशन ऑनलाइन भी किया। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के अनुसार, रोहतास, बेगूसराय, अरवल, सीवान, भोजपुर, जहानाबाद, लखीसराय, बांका, दरभंगा, पूर्णिया और अन्य स्थानों के मतदान केंद्रों पर एएसडी सूचियां प्रदर्शित की गई हैं।

### पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की, अलास्का बैठक के बारे में जानकारी दी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर हुई बातचीत में यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। यह बातचीत तब हुई जब पुतिन ने मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अलास्का में हुई शिखर वार्ता के बारे में जानकारी देने के लिए फोन किया। ट्रंप और पुतिन के बीच यह बहुप्रतीक्षित बैठक करीब तीन घंटे चली थी, लेकिन यह वार्ता युद्धविराम समझौते के बिना समाप्त हुई। बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, *मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद, फोन कॉल के लिए और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपनी हालिया बैठक की जानकारी साझा करने के लिए। भारत ने लगातार यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया है और इस दिशा में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर संवाद की प्रतीक्षा कर रहा हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि पुतिन ने ट्रंप के साथ हुई बैठक को लेकर अपना आकलन साझा किया। पीएमओ के अनुसार, मोदी ने कूटनीति और बातचीत के जरिए संघर्ष के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि भारत इस दिशा में हर संभव प्रयासों का समर्थन करता है। दोनों नेताओं ने भारत और रूस की विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर भी चर्चा की।

## प्रवासी बंगाली श्रमिकों के लिए 'श्रमश्री' योजना शुरू करेगी ममता सरकार

- एक साल तक प्रति महीने पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी
- बच्चों के लिए स्कूल में दाखिला की व्यवस्था की जाएगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल सरकार प्रवासी बंगाली श्रमिकों की आर्थिक सहायता के लिए 'श्रमश्री' योजना शुरू करेगी। सोमवार को कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय नवान्न में इसकी जानकारी दी। इसके तहत प्रवासी बंगाली श्रमिकों को 5,000 रुपये के एकमुश्त भुगतान के साथ एक साल तक प्रति महीने पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। जब तक कि नए काम की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में नोडल विभाग श्रम विभाग है। इस योजना के लिए श्रमश्री पोर्टल शुरू किया जाएगा, जिस पर पंजीकरण कराने पर प्रवासी श्रमिकों एक आई-कार्ड दिया जाएगा। इससे उन्हें राज्य सरकार की सुविधाएं मिल सकेंगी। प्रवासी बंगाली श्रमिकों के पास अगर कौशल है, तो जरूरत पड़ने पर उन्हें उत्कर्ष बांग्ला के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा और रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, उन्हें जाब कार्ड, भोजन साथी कार्ड, स्वास्थ्य साथी कार्ड दिए जाएंगे। अगर घर नहीं है, तो सामुदायिक कोचिंग सेंटर में रहने की व्यवस्था की जाएगी। बच्चों के लिए स्कूल में दाखिला की व्यवस्था की जाएगी। उन्हें कन्याश्री और शिक्षाश्री का लाभ भी मिलेगा। बंगाल में बाहर रहने वाले सभी 22.40 लाख श्रमिकों को श्रमश्री का लाभ मिलेगा। ममता ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में राज्य में 10 हजार लोग वापस आए हैं। मुख्यमंत्री ने फिर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली प्रवासी श्रमिकों पर उत्पीडऩ का आरोप लगाया।

## भारत, चीन संबंधों को तीन पारस्परिक पहलुओं से निर्देशित होना चाहिए: जयशंकर



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी को बताया कि भारत-चीन संबंधों को आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित के सिद्धांत से निर्देशित होना चाहिए। चीनी विदेश मंत्री के दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद जयशंकर ने वांग के साथ बातचीत की। बैठक में अपनी शुरुआती टिप्पणी में विदेश मंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि दोनों देशों के बीच मतभेद विवाद नहीं बनने चाहिए। जयशंकर ने कहा, यह अवसर हमें मिलने और अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने का मौका प्रदान करता है। यह वैश्विक स्थिति और आपसी हितों के कुछ मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का भी उपयुक्त समय है। उन्होंने कहा, '' हमारे संबंधों में एक कठिन दौर देखने के बाद, अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।'' विदेश मंत्री ने कहा, इस कोशिश में इस प्रयास में, हमें तीन परस्पर सिद्धांतों – परस्पर सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता और परस्पर हित – से निर्देशित होना होगा। विभिन्नताएं विवाद का कारण नहीं बननी चाहिए, और प्रतिस्पर्धा टकराव में नहीं बदलनी चाहिए। चीनी विदेश मंत्री मुख्य रूप से सीमा मुद्दे को लेकर विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की अगली दौर की वार्ता के लिए भारत की यात्रा पर आए हैं। वांग और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सीमा वार्ता के लिए नामित विशेष प्रतिनिधि हैं।

## शेयर बाजार में लिवाली के जोर से निवेशकों की संपत्ति 6.17 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार में जबर्दस्त लिवाली होने से आई तेजी के बीच सोमवार को निवेशकों की संपत्ति 6.17 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 676.09 अंक यानी 0.84 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 81,273.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स ने 81765.77 अंक का स्तर भी छुआ। दिवाली तक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव आने की घोषणा से घरेलू शेयर बाजार में लिवाली का जोर रहा। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.39 प्रतिशत की तेजी रही जबकि मिडकैप एक प्रतिशत चढ़ गया। इससे बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 6,17,875.19 करोड़ रुपये बढ़कर 4,50,96,486.46 करोड़ रुपये (5.16 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

## नेशनल हेराल्ड मामला: अदालत ने दस्तावेजों का निरीक्षण किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले की फाइल का सोमवार को निरीक्षण किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा, ''मामले की फाइलों का अदालत द्वारा आगे निरीक्षण किया गया है। इसी उद्देश्य के लिए पहले से तय तारीख यानी 19 अगस्त को (मामले को) फिर से सूचीबद्ध करें।'' अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने का आदेश पहले स्थगित कर दिया था। अदालत ने कहा था कि मामले की फाइलों का और निरीक्षण आवश्यक है तथा जांच अधिकारी (आईओ) को इनके साथ उपस्थित होना होगा।

## एलआईसी ने बंद हो चुकी बीमा पॉलिसी को फिर चालू करने के लिए शुरू किया अभियान

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बंद हो चुकी व्यक्तिगत बीमा पॉलिसी को फिर से चालू करने के लिए सोमवार को अभियान शुरू किये जाने की घोषणा की। यह विशेष अभियान एक महीने के लिए 18 अगस्त से 17 अक्टूबर, 2025 तक चलेगा। इस अभियान के तहत पॉलिसी को चालू करने के लिए विलंब शुल्क में आकर्षक छूट दी जाएगी। एलआईसी ने बयान में कहा कि इस योजना के तहत पुनरुद्धार के लिए पात्र होने पर सभी गैर-लिंक्ड यानी टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी योजनाओं के लिए विलंब शुल्क में 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, जो अधिकतम 5,000 रुपये तक हो सकती है। वहीं सूक्ष्म बीमा पॉलिसी (निम्न आय वाले परिवार या व्यक्ति के लिए बीमा पॉलिसी) के लिए विलंब शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इस विशेष पुनरुद्धार अभियान के तहत, पॉलिसी के नियमों और शर्तों को पूरा करने पर, अदा न की गई पहली प्रीमियम की तारीख से पांच वर्षों के भीतर पॉलिसी को शुरू किया जा सकता है। जो पॉलिसी प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान समाप्त हो चुकी हैं और जिनकी पॉलिसी अवधि पूरी नहीं हुई है, इस अभियान में उन्हें चालू किया जा सकता है।



## आत्मनिर्भरता और सुरक्षा को प्राथमिकता

पंद्रह अगस्त पर लाल किले से प्रधानमंत्री का राष्ट्र के लिये संबोधन महज एक औपचारिकता नहीं होता, बल्कि समकालीन राष्ट्रीय चुनौतियों व अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर सरकार की रीति-नीति का परिचय होता है। आने वाले समय की योजनाओं का खाका और राष्ट्रीय संकल्पों की बानगी होता है। देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन निस्संदेह, इन्हीं रीति-नीतियों का विस्तार था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा थोपे गए टैरिफ के बीच स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर बल दिया। साथ ही यह भी दोहराया कि विश्व में पहुंच बनाने के लिये हमारी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की होनी चाहिए। उन्होंने रक्षा उत्पाद निर्माण को वरीयता देने की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि साल के अंत तक पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप आ जाएगी। निश्चय ही यह कामयाबी हमारी तकनीकी व सुरक्षा जरूरतों के लिये महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स के उत्पादन पर भी जोर दिया, जो रक्षा उत्पादों में बड़ी भूमिका निभाते हैं। पं. नेहरू के बाद लगातार बारहवीं बार लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करने वाले मोदी का यह संबोधन अब तक का सबसे लंबा अवधि वाला था। लेकिन समकालीन चुनौतियों के मद्देनजर यह तार्किक था। उन्होंने उर्वरकों, परमाणु ऊर्जा, जीएसटी, अर्थव्यवस्था के लिये रिफोर्म टास्क फोर्स के गठन, अंतरिक्ष अभियान जैसे तमाम मुद्दों को संबोधित किया। निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता के प्रयासों से जहां हम अपने आर्थिक लक्ष्य पा सकते हैं, वहीं हम अपनी संप्रभुता की रक्षा भी कर सकने में सक्षम हो सकेंगे।

निश्चित रूप से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के परिदृश्य के बीच भारत को अपने सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने के लिये उत्पादन क्षेत्र में आशातीत वृद्धि करनी होगी। तभी हम चीन के साथ लगातार बढ़ते व्यापार असंतुलन को दूर कर पाने में किसी हद तक सफल हो सकते हैं। फिर हम वैश्विक आपूर्ति शृंखला में अपनी भूमिका बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के लिये चुनौती बनती घुसपैठ की समस्या को भी संबोधित किया और उच्च शक्ति वाला डेमोग्राफी मिशन चलाने की बात कही। दरअसल, आज घुसपैठ जनसांख्यिकीय बदलाव की स्थिति तक पहुंच गई है। देश में अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ डेढ़ करोड़ बतायी जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जिक्र करके देश को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। आने वाले दशक में उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले को उन्होंने 'सुदर्शन चक्र' नामक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच तैयार करने की बात कही। जिसमें रक्षा उत्पादों का आधुनिकीकरण भी शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि बाह्य दबाव अस्वीकार करके किसानों, पशुपालकों व मछुआरों के हितों की रक्षा की जाएगी। उनका मानना था कि हम इतने मजबूत बनें कि चुनौतियां हमारी सफलता का मार्ग तय करें। कुल मिलाकर उन्होंने देश के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को संबोधित करते हुए समाधान की राह का विस्तार से जिक्र किया। विश्वास किया जाना चाहिए कि देश के आंतरिक मोर्चे पर उन्होंने किसानों के संरक्षण व प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के मुद्दे पर जो कहा, उसे यथाशीघ्र हकीकत बनाया जाएगा।

# अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है विपक्ष



ललित गर्ग

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल संख्याओं और मतों का खेल नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवंत प्रक्रिया है जिसमें सत्ता और विपक्ष दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सत्ता पक्ष जहां शासन संचालन और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होता है, वहीं विपक्ष लोकतंत्र का प्रहरी बनकर उसके हर कदम पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, असंतोष को स्वर देता है और जनभावनाओं को दिशा देता है। लेकिन वर्तमान विपक्ष इन भूमिकाओं में नकारा साबित हो रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है, जिस तरह से विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण पर बेतूके एवं आधारहीन आरोप लगाये हैं, उससे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की गरिमा एवं प्रतिष्ठा तो आहत हुई ही है, लेकिन विपक्ष की भूमिका भी कठघरे में दिख रही है। यह अच्छा हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर वोट चोरी सहित ऐसे ही बेहूदा, आधारहीन एवं गुमराह करने वाले राहुल गांधी के आरोपों का न केवल बिन्दुबार जबाव दिया, बल्कि उन्हें बेनकाब करते हुए यह भी कहा कि वे या तो अपने निराधार आरोपों के सन्दर्भ में शपथ पत्र दें या सात दिनों के भीतर देश से माफी मांगें। निश्चित ही राहुल गांधी को ऐसी चेतावनी देना आवश्यक हो गया था, क्योंकि वे अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को धुंधलाने की सारी हदें पार चुके हैं।

हाल के दिनों में जिस तरह चुनाव आयोग, मतदाता सूची और वोट चोरी के आरोपों को लेकर बहस छिड़ी है, उसने इस प्रश्न को फिर से गहराई से सोचने को बाध्य किया है कि क्या लोकतंत्र में विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाते हुए अपनी भूमिका को प्रश्नों के घेरे में कब तक डालता रहेगा? विपक्ष बिना ठोस प्रमाण के बड़े आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े कर देता है। क्या जनहित के नाम पर जनता के व्यापक हित से जुड़े सुधारों का विरोध करना विपक्ष का शगल बन गया है? पिछले एक दशक से विपक्ष लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपनी भूमिका की बजाय उसे कमजोर एवं जर्जर करने में जुटा है। उसने सत्ता-पक्ष को घेरने के लिये जरूरी मुद्दों को सकारात्मक तरीकों से उठाने की बजाय विध्वंसात्मक तरीकों से विकास के जनहितकारी मुद्दों को भी विवाद का मुद्दा बनाते हुए सारी हदें पार कर पार दी है। आधार को बैंक अकाउंट से जोड़ने का मामला हो या अनुच्छेद 370 को खत्म करना हो। सीएए-एनआरसी का मामला हो या हाल में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण अभियान हो। विपक्ष मोदी सरकार के इन विकासमूलक सुधारों को जनहित के खिलाफ बताते हुए मुखर विरोध कर रहा हैं, जो लोकतंत्र को धुंधलाने की एक बड़ी साजिश प्रतीत होती है। निश्चित ही विपक्ष की इस खींचतान में सबसे बड़ी क्षति जनता की आस्था की होती है। जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता संदिग्ध बनाई जाती है, तो लोकतंत्र की नींव हिलने लगती है। लोकतंत्र में हार-जीत से भी बड़ा मुद्दा चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता होता है।

विपक्ष केवल सत्ता की आलोचना करने के लिए नहीं है। उसका दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी की अतिश्योक्तिपूर्ण वसूली, पर्यावरण, सफाई, नारी की असुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों को उजागर करे, ठोस विकल्प प्रस्तुत करे और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में योगदान दे। केवल आरोप-प्रत्यारोप में उलझकर यदि विपक्ष अपनी ऊर्जा खर्च कर देता है तो वह जनता का विश्वास खो देता है। यही कारण है कि आज विपक्ष की स्थिति कमजोर मानी जा रही है, क्योंकि वह केवल आरोप लगाता हुआ दिखता है, समाधान प्रस्तुत करने में पिछड़ जाता है। सत्ता पक्ष को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र केवल बहुमत से नहीं चलता, बल्कि सहमति और पारदर्शिता से भी चलता है। यदि विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है तो सत्ता पक्ष का कर्तव्य है कि वह धैर्यपूर्वक उत्तर दे, जाँच के रास्ते खोले और हर आरोप को तथ्यों से परखे। विपक्ष को नकार देना लोकतंत्र को कमजोर करना है। जब सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ता है, तब न्यायपालिका अंतिम सहारा बनती है। यही कारण है कि आज बार-बार सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की माँग उठती है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है, क्योंकि इसका अर्थ है कि जनता और राजनीतिक दल चुनाव आयोग व अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं कर पा रहे। इसलिए न्यायपालिका की भूमिका भी अब केवल विवाद सुलझाने की नहीं रह गई है, बल्कि लोकतंत्र के विश्वास को पुनः स्थापित करने की हो गई है, जबकि यह कार्य राजनीतिक दलों एवं चुनी हुई सरकारों का होता है।

लोकतंत्र का सार यही है कि सत्ता और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के पूरक हों, शत्रु नहीं। विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति से बाहर आकर वैकल्पिक दृष्टिकोण देना होगा, और सत्ता-पक्ष को भी यह समझना होगा कि विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभ से ही विपक्ष को महत्व दिया है, उन्होंने संवेदनशील सरकार के साथ सृजनात्मक नेतृत्व का परिचय दिया है लेकिन विपक्ष जब आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से घिरा हो तो सकारात्मक दिशाएं कैसे उद्घाटित हो सकती है? आज की राजनीति में लोकतंत्र और विपक्ष के बीच खींचतान तेज़ है। यह टकराव लोकतंत्र को कमजोर करने वाला नहीं बल्कि उसे और परिपक्व बनाने वाला होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाए और सत्ता पक्ष उसकी आलोचना को स्वीकार कर उत्तरदायित्वपूर्ण जवाब दे। तभी लोकतंत्र की असली शक्ति और जनता के विश्वास को बनाए रखा जा सकता है।

लोकतंत्र की शक्ति केवल सरकार में नहीं बल्कि एक सशक्त और रचनात्मक विपक्ष में भी निहित होती है। विपक्ष लोकतांत्रिक ढांचे का आवश्यक स्तंभ है, जो सत्ता पर निगरानी रखता है, नीतियों में कमियों को उजागर करता है और जनता की आवाज़ को सदन तक पहुँचाता है। लेकिन जब विपक्ष अपनी इस जिम्मेदारी को भूलकर केवल नकारात्मक राजनीति पर उतर आए, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होने लगती है और देश की छवि तथा स्थिरता पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो जाता है। आज भारत का विपक्ष जिस तरह संसद को ठप करने, व्यक्तिगत हमलों, दुष्प्रचार और असंवेदनशील आचरण पर आमादा है, उसने लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुँचाई है। संसद सत्र, जहाँ जनता की समस्याओं का समाधान खोजा जाना चाहिए, वहाँ विपक्ष का रवैया अवरोध पैदा करने वाला अधिक दिखता है। महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा के बजाय नारेबाज़ी और वॉकआउट आम बात हो गई है। यह स्थिति केवल सरकार ही नहीं, पूरे राष्ट्र के लिए घातक है। इतिहास गवाह है कि जब-जब विपक्ष ने रचनात्मक भूमिका निभाई है तो लोकतंत्र और मजबूत हुआ है। 1977 में आपातकाल के विरोध से लेकर 1989 तक विपक्ष ने लोकतंत्र को बचाने और पुनर्जीवित करने का कार्य किया। लेकिन 2014 के बाद से जिस तरह विपक्ष अपरिपक्व, निरंतर बिखरा हुआ, नेतृत्वविहीन और नकारात्मक एजेंडे पर केंद्रित रहा है, उसने लोकतांत्रिक संस्कृति को आघात पहुँचाया है।

विदेशी ताकतें हमेशा से भारत की आंतरिक कमजोरी का फायदा उठाने की फिराक में रहती हैं। जब विपक्ष सरकार की नीतियों का विरोध करने के नाम पर राष्ट्र-विरोध, राष्ट्रीय सुरक्षा, सेना की कार्रवाई या विदेश नीति तक पर सवाल उठाने लगता है, तो इसका सीधा लाभ पाकिस्तान और चीन जैसे देशों को मिलता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को धूमिल करना विपक्ष का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से हालात यही इशारा कर रहे हैं। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मतभेद को 'विघटन' में बदल देना खतरनाक है। विपक्ष को याद रखना होगा कि उसकी जिम्मेदारी केवल सत्ता पाने की नहीं, बल्कि देश की स्थिरता और विकास को सही दिशा देने की भी है। अगर विपक्ष अपने दायित्वों को नकारात्मक राजनीति में खोता रहा तो यह न केवल उसके लिए बल्कि पूरे लोकतंत्र के लिए आत्मघाती सिद्ध होगा। आज समय की मांग है कि विपक्ष आत्ममंथन करे, अपनी नीतियों और रणनीतियों को परखे तथा केवल विरोध के लिए विरोध करने की बजाय वैकल्पिक दृष्टि और ठोस समाधान प्रस्तुत करे। यही सच्चे लोकतंत्र का तकाज़ा है और यही राष्ट्रहित का मार्ग।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# ड्रोन लुटेरों' से फैली दहशत की हकीकत क्या?



डॉ. रमेश ठाकुर

'ड्रोन गिरोह' की अफवाहों ने शांति-व्यवस्था में खलबली मचा रखी है, विशेषकर ग्रामीणों में, जहां दहशत की स्थिति बनी हुई है। ड्रोन चोरों के भय से लोग सारी-सारी रात जगे रहते हैं। प्रभावित दो-तीन राज्यों में करीब महीने भर से ड्रोन चोरों के भय से लोग इतने भयभीत हैं कि वह रातों में जाग-जाग कर अपने घरों और परिजनों की पहरेदारी कर रहे हैं। डरे हुए लोग 'ड्रोन चोरों को 'आसमानी चोर' कहने लगे हैं। आकाश में रात के वक्त सैकड़ों फीट उंचाई पर मंहराते रहस्यमय ड्रोनों से सन्नाटा इस कदर फैला है कि पेड़-पौधों के पत्तों की सरसराहट या झींगुरों की भिनभिनाहट मात्र से भी लोग डर जाते हैं।

देखा जाए तो देहात क्षेत्रों में ड्रोन चोरों की अफवाहों का बाजार काफी समय से गर्म है। बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस महकमा भी अलर्ट मोड़ पर है। रात में जायजा लेने को पुलिस-प्रशासन के आला अफसर भी ग्रांउड जीरो पर उतरे हुए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस ने जागरुकता अभियान भी छेड़ रखा है। दरअसल, अफवाह लोगों की नासमझी से ज्यादा फैल रही है। ड्रोन दिखाई पड़ने पर वह पुलिस से संपर्क करने के बजाय सोशल मीडिया पर अनापशनाप गलत सूचनाएं फैला देते हैं जिससे स्थिति और पैनिक हो रही है हालांकि, ऐसे लोगों पर पुलिस सख्ती भी दिखा रही है।

ड्रोन की घटनाएं हकीकत हैं या अफवाह? ये अनसुलझी पहेली जैसा है। वैसे, पिछले दो सालों से 'स्वामित्व योजना' के तहत केंद्र सरकार ग्रामीण भूमि का सर्वेक्षण भी ड्रोनों से करवा रही है। योजना मार्च-2026 तक पूरी होनी है। करीब 3 लाख 44 हजार गांवों का सर्वेक्षण होना है। इसके पीछे सरकार का मकसद ग्रामीण संपत्ति के मालिकों को उनकी संपत्ति का मास्टर कार्ड वितरण करना है। 92 फीसदी कार्य 'ड्रोन मैपिंग' से पूरा हो चुका है जिसमें 31 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। सवाल ये भी उठता है क्या इस वक्त जो ड्रोन उड़ रहे हैं, वो इसी योजना का हिस्सा हैं? अभी तक कोई तथ्यात्मक सच्चाई मुकम्मल रूप से बाहर नहीं निकल पाई जबकि, प्रथम दृष्टया प्रशासन ने ड्रोन घटनाओं को अफवाह ही माना है। ड्रोन की घटनाओं के पीछे कोई ऐसी हकीकत तो नहीं छिपी जिसे शासन-प्रशासन और सुरक्षा महकमा सार्वजनिक ना करना चाहता हो? राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा तो कोई मसला नही? हालांकि ऐसे नाना-प्रकार के कयासों की मंड़ियां सजी हुई हैं। सच्चाई के असल नतीजों तक अभी कोई नहीं पहुंच पाया। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तकरीबन जिलों में इस समय ड्रोन लुटेरों की ही चर्चाएं हैं।

धीरे-धीरे ये दहशत अब अन्य राज्यों में भी फैलती जा रही है। हरियाणा, पंजाब, बिहार, मध्यप्रदेश में भी आधुनिक चोरों से जुड़ी अजीबो गरीब अफवाहें फैल गई हैं। बिहार के सासाराम और मध्यप्रदेश के गुना जिले में भी ड्रोन उड़ते देखे गए हैं। अफवाहें हैं कि चोर रात्रि में घरों का ड्रोन से सर्वेक्षण करते हैं और अगली रात धावा बोलते हैं। एकाध घटनाएं घटी भी हैं लेकिन उन घटनाओं से कोई हकीकत सिद्ध नहीं हुई। पुलिस-प्रशासन दोनों भी इस अनसुलझी पहेली में उलझे हुए हैं। प्रशासनिक स्तर पर ड्रोन की घटनाओं को बेशक अफवाह बताया जा रहा हो पर, ग्रामीण मानने को राजी नहीं? वह ड्रोन चोर या आसमानी चोर ही माने बैठे हैं। बीते मात्र तीन हफ्तों में उत्तर प्रदेश में 365 और उत्तराखंड में 245 घटनाएं घटी हैं।

गौरतलब है कि अफवाहों के गर्भ से निकली ड्रोन चोरी की ये घटनाएं अब हिंसा में बदलने लगी हैं। गत दिनों बिजनौर के कोतवाली क्षेत्र में रात के वक्त एक खूनी घटना घटी जिसमें एक औरत का गला चाकू से रेतकर उसे जहर का इंजेक्शन देने का प्रयास हुआ। गनीमत ये रही कि उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। सुबह पुलिस ने छानबीन कर आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला महिला पर हमला ड्रोन चोरों ने नहीं बल्कि पड़ोसी ने किया जिनसे उनका पुराना जमीन विवाद चल रहा है। चोर समझकर अंधेरे में चलने वाले राहगीरों के साथ मारपीट की घटनाएं भी बढ़ी हैं। शराबियों की तो शामत ही आई हुई है। बिलावजह हादसे का शिकार न हो जाएं, इसलिए रात्रि पाली में काम करने वाले कर्मचारी भी घरों से बाहर नहीं निकल रहे। ऐसे भी घटनाएं खूब सामने आ रही हैं जहां ड्रोन चोरों की आड़ में लोग अपनी पुरानी दुश्मनी निकाल रहे हैं। दशहत और अफवाहें इस कदर देहतों में व्याप्त है कि आसमान में चमकती रौशनी को भी ड्रोन समझ कर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

दहशत के चलते ग्रामीण पूरी-पूरी रात अपनी छतों पर बल्ब और टॉर्च जलाकर बैठे रहते हैं। जुगनुओं की रोशनी से भी चीख पुकार मचने लगती है। सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में ड्रोन चोरों ने कुछ ज्यादा माहौल बिगाड़ा हुआ है। माहौल जैसे-जैसे बिगड़ना तेज हुआ तो राज्य सरकार का ध्यान एकाएक उस ओर गया। मुख्यमंत्री ने तत्काल आपातकाल बैठक बुलाई हालांकि उससे पहले ही अधिकारियों ने शासन को ड्रोन्स के संबंध में कुछ उत्पाती लोग उन्माद फैलाने की फिराक में होना दर्शा दिया था। शासन ने निर्णय लिया है कि ड्रोन के ज़रिए डर पैदा करने या ग़लत सूचना फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट और एनएसए के तहत कार्रवाही की जाएगी लेकिन, शासकीय चेतावनी के बाद भी ड्रोन का उड़ना लगातार जारी है। दो दिन पहले भी मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में एक और उच्च-स्तरीय कानून-व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर बैठक हुई जिसमें बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाही का आदेश पारित हुआ जिसके उल्लंघन में कुछ यूटयूबर और कैटरिंग वाले पकड़े गए। फिलहाल, पुलिस की पूछताछ में उनकी ड्रोन हरकतों में संलिप्ता नहीं मिली।

गौतललब है, भारत के विभिन्न प्रदेशों में समय-समय पर किस्म-किस्म के चोर गिरोहों से अफवाहें फैलती रही हैं। चोटी कटवा, कच्छा-बनिया गिरोह, बाबा गिरोह, तलवारधारी गिरोह जैसे तमाम चोरों के गिरोह की सूचनाएं पूर्व में सुनने को मिलती रहीं। मौजूदा ड्रोन से जुड़ी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उत्तराखंड और यूपी सरकार ने बकायदा पुलिस हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं जहां रात्रि के वक्त रोजाना सैकड़ों कॉल्स ड्रोन देखे जाने के संबंध में आ रही हैं। 7900 कॉल्स को पुलिस ने अभी तक रिकॉर्ड किया है जिसकी सत्यता पूरी तरह उन्माद से प्रेरित ही पाई गई। ड्रोन देखे जाने की सूचनाएं ज्यादातर अफवाहें ही साबित हो रही हैं जिनका किसी गिरोह से कोई संबंध फिलहाल दूर-दूर तक दिखाई नहीं देता?

प्रशासन को 'ड्रोन लुटेरों' से फैली अफवाहों पर तुरंत अंकुश लगाना होगा, नहीं तो ग्रामीण ड्रोन गिरोह के सदस्यों के शक में बेकसूर लोगों को निशाना बनाते रहेंगे। बरेली में पिछले शनिवार को सबसे दर्दनाक घटना हुई, जहां मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति को 'ड्रोन गिरोह' का सदस्य समझकर लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला।

## गाजा में मृतकों की संख्या 62 हजार से अधिक हुई : फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय

**काहिरा :** गाजा में इजराइल द्वारा गत 22 महीनों से किये जा रहे हमलों में अबतक 62 हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि गत 24 घंटों में कम से कम 60 लोग मारे गए हैं, जिससे सात अक्टूबर, 2023 को शुरू हुए इजराइल-हमास युद्ध में मरने वालों की संख्या 62,004 हो गई है। उसने बताया कि इस अवधि में 156,230 लोग घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सहायता एजेंसियों से मदद की पाने की कोशिश करने या सहायता वितरण स्थलों के पास 1,965 लोग मारे गए हैं। सोमवार सुबह सहायता प्राप्त करने की कोशिश में कम से कम सात फलस्तीनी मारे गए। मंत्रालय हालांकि मृतकों में आम नागरिकों और हमास के लड़ाकों के बीच अंतर नहीं करता। संयुक्त राष्ट्र और अन्य स्वतंत्र विशेषज्ञ इसके आंकड़ों को हताहतों की सबसे विश्वसनीय गणना मानते हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 अगस्त, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद कृष्णपक्ष एकादशी, 15:35 तक, नक्षत्र : आद्रा, 25:06 तक, योग : वज्र, 20:26 तक, सूर्योदय: 5:14, सूर्यास्त: 18:06, चन्द्रोदय : 00:56, चन्द्रास्त: 15:13, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 14:50 से 16:26

## राशिफल

**मेष :** दिन बेहद उत्तम और संतोषजनक रहने वाला है। आपकी आमदनी में वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और कार्यक्षेत्र में भी धन प्राप्ति के शुभ योग बनते नजर आ रहे हैं।

**वृष :** व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। लाभ कमाने के सुनहरे अवसर मिल सकते हैं और सुख-संपत्ति में भी विस्तार होगा। पारिवारिक जीवन सुखदायक बना रहेगा।

**मिथुन :** आपका दिन बेहद शुभ रहने वाला है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर उच्च पद प्राप्त हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। सहयोगियों का भी आपको पूर्ण साथ मिलेगा।

**कर्क :** व्यापार और कारोबार के मामले दिन अच्छा रहेगा। आपको कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जिससे उत्तम परिणाम मिलने की संभावना है।

**सिंह :** कुछ मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के मामले में नए स्रोत बनते नजर आएंगे। आमदनी बढ़ने से आपका मन प्रसन्न रहेगा और अचानक बड़ी मात्रा में धन प्राप्त होने की संभावना भी बनी हुई है।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में अपने काम को समय पर पूरा करने के लिए आपको अधिक मेहनत करनी होगी। इससे आपकी अपेक्षा के अनुसार आय में वृद्धि भी हो सकती है।

**तुला :** आपको कार्यस्थल पर अपनी इच्छा के विरुद्ध कोई कार्य करना पड़ सकता है। इससे कुछ समय के लिए आप असहज भी महसूस करेंगे। घर में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक :** आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहने वाला है। अगर लंबे समय से आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो अब वह वापस मिल सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।

**धनु :** आपको कार्यस्थल पर अपने महत्वपूर्ण काम को पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है और कुछ कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ेगा।

**मकर :** समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, उत्तम संपत्ति प्राप्त होने के भी शुभ संयोग बन रहे हैं। पूरा दिन अच्छा व्यतीत होगा।

**कुम्भ :** कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। ऐसे में दिन भागदौड़ भरा रहने की संभावना है। संपत्ति का विस्तार और आय में वृद्धि होने के योग भी बन रहे हैं।

**मीन :** दिन मिश्रित फल प्रदान करने वाला रहेगा। संपत्ति के मामले में आपको कुछ धन खर्च करना पड़ सकता है। इससे आय के नए स्रोत विकसित होने के योग भी बने हुए हैं।

## विदेश की खबरें

### यूक्रेन के लिए यूरोपीय सुरक्षा गारंटी का समर्थन करेगा अमेरिका: ट्रंप

**वाशिंगटन :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशा व्यक्त की कि 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में यूक्रेनी और यूरोपीय नेताओं के बीच सोमवार की महत्वपूर्ण वार्ता रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उस त्रिपक्षीय वार्ता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, जिससे रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त किया जा सके। अमेरिका के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह यूक्रेन के लिए यूरोपीय सुरक्षा गारंटी का समर्थन करेंगे।ट्रंप ने इस प्रयास के तहत अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर प्रतिबद्धता नहीं जताई, लेकिन कहा कि ''नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) जैसी'' सुरक्षा मौजूदगी होगी, लेकिन यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ दोपहर की बैठक में इससे जुड़े सभी विवरणों पर चर्चा की जाएगी। ट्रंप ने कहा, ''वे सुरक्षा देना चाहते हैं और वे इसके लिए बहुत दृढ़ हैं तथा हम इसमें उनकी मदद करेंगे।... मुझे लगता है कि यह समझौता करना बहुत जरूरी है। अमेरिकी नेता ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को शीघ्र समाप्त कराने की कोशिशों में जुटे हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी और कहा था कि अब यह जिम्मेदारी जेलेंस्की पर है कि वह उन रियायतों पर सहमत हों, जिनसे युद्ध समाप्त हो सकता है। इसी के परिप्रेक्ष्य में सोमवार को जल्दबाजी में यह बैठक बुलाई गई।

### विदेश सचिव मिसरी ने नेपाल की सेना को चिकित्सा उपकरण और वाहन सौंपे

**काठमांडू :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिये सोमवार को नेपाल के सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिगडेल को वाहन, चिकित्सा उपकरण और सैन्य पशु सौंपे। मिसरी रविवार को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नेपाल पहुंचे। यहां स्थित भारतीय दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि एक समारोह में 'लाइट स्ट्राइक व्हीकल (एलएसवी), महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण और सैन्य पशु' सौंपे गए, जो 'दोनों देशों की सेनाओं के बीच घनिष्ठ संबंध और हमारे मजबूत रक्षा सहयोग' को दर्शाता है।

## वर्ग पहेली नं. 3181

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| | ■ | 6 | 7 | | 8 | | ■ | | ■ |
| 9 | 10 | ■ | | ■ | | ■ | 11 | | |
| 12 | | ■ | 13 | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | | | ■ | ■ | 19 |
| ■ | 20 | | | | ■ | 21 | | | |
| 22 | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| 23 | | | 24 | ■ | 25 | | 26 | 27 | ■ |
| | ■ | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | |

बायें से दायें:- 1) विचित्र, 4) अनुचित, 6) रुग्णसेविका, 9) जिस वक्त, 11) झक्की, 12) हाथ का पंजा, 13) इस कारण से; बाद में, 15) बारीक़ पिसा, 16) शक्ति, 18) आरोग्यलाभ; छुटकारा, 20) जुगत, 21) भिखारी, 23) विवशतः, 25) सैन्य, 28) अंदर का, 29) आँख.

ऊपर से नीचे:- 1) शासनहीनता, 2) जनक, 3) काँच की गोली, 4) थाना; पहारा चौकी, 5) निःसंदेह, 7) घूस, 8) नाता, 10) समृद्धि, 11) सच, 14) समान, 15) मतांतर, 17) सिलसिला; क्रम, 19) कोयले का दहकता रूप, 22) एक महाराष्ट्रीय प्रमुख शहर, 24) सब ही, 25) अप्सरा, 26) एक भारमाप एकक, 27) दुर्जन; अधम.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शु | रु | आ | त | ■ | अ | ■ | स | मो | सा |
| क्रि | ■ | धा | र | ■ | जी | ■ | ल | ■ | ढ़े |
| या | क | ■ | ज | वा | ब | स | वा | ल | ■ |
| ■ | क | मी | ना | ■ | ■ | म | र | ह | म |
| बाँ | ह | ■ | ■ | भ | दं | त | ■ | ल | म्ब |
| ■ | रा | ज | ■ | ट | ■ | ल | म | हा | ■ |
| बाँ | ■ | ग | त | का | ल | ■ | ज़ | ना | ना |
| सु | ग | म | ■ | ■ | क | रा | ह | ■ | दा |
| री | ■ | ग | ड़ | ब | ड़ी | ■ | बी | मा | री |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3138

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 1 | 6 | 3 | 8 |
| | | 7 | | | | | | |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | | | | | 5 | 2 | 7 | |
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | 4 | | 2 | | | 1 | | |
| 1 | | | | | | 8 | 4 | |
| | | | | 3 | | | 5 | |
| | | | | 5 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3137 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 6 | 8 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 5 | 3 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 | 8 | 7 | 3 |

# एम्स का मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण बंगाल में परोक्ष रूप से एनआरसी लागू करने की कोशिश : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कल्याणी स्थित अखिल भारतीय आयुर्वज्ञिान संस्थान (एम्स) द्वारा घर-घर जाकर कथित रूप से मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण कराया जाना राज्य में परोक्ष रूप से राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का प्रयास है। राज्य सचिवालय 'नवान्न' में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने यह भी दावा किया कि कई एजेंसियां मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए सर्वेक्षण कर रही हैं। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और राज्य सरकार से तथ्य की पुष्टि किए बिना ऐसे किसी भी कार्यक्रम में भाग न लेने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के नाम पर कल्याणी स्थित एम्स अप्रत्यक्ष रूप से एनआरसी के लिए सर्वेक्षण कर रहा है।

अगर कोई संगठन सर्वेक्षण के नाम पर आपके घर पहुंचता है, तो कृपया पहले राज्य सरकार से इसकी पुष्टि कर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसे किसी भी अध्ययन की ज।म्मिदारी नहीं लेगा। ममता ने कहा कि राज्य सरकार ऐसा कोई सर्वेक्षण नहीं करा रही है। कई एजेंसियां हैं जो कई संगठनों के नाम पर घर-घर जाकर आपके नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए सर्वेक्षण कर रही हैं। सतर्क रहें। राज्य सरकार के अधिकारियों के अलावा किसी और के साथ अपनी जानकारी साझा न करें। किसी भी पार्टी का नाम लिए बगैर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि कल्याणी स्थित एम्स परोक्ष रूप से एक राजनीतिक



संगठन के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं एम्स से कहूंगी कि वह मरीजों का अच्छे से इलाज करे। हमने जमीन दी है और कई तरह से मदद की है, और भविष्य में भी करते रहेंगे। लेकिन ऐसे खेल मत खेलिए। राज्य सरकार का अपना मानसिक स्वास्थ्य विभाग है। यह राज्य के स्वास्थ्य विभाग का काम है, आपका नहीं।

## राज्य में तीन मेट्रो रूट के उद्घाटन समारोह से मुख्यमंत्री ममता ने किया किनारा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 22 अगस्त को कोलकाता में होने वाले मेट्रो परियोजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी। इस समारोह का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 14 अगस्त को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन पर आयोजित समारोह में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया था। वहीं, राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री ने 'नीतिगत कारणों' से कार्यक्रम में न जाने का निर्णय लिया है। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री के इस फैसले के पीछे तीन प्रमुख वजहें बता रही हैं। पहली, पार्टी का आरोप है कि भाजपा शासित केंद्र सरकार बंगाली भाषी लोगों के साथ अन्य राज्यों में भाषाई भेदभाव को बढ़ावा दे रही है, जिसे नजरअंदाज करते हुए ममता बनर्जी केंद्रीय नेताओं के साथ मंच साझा नहीं करना चाहतीं। दूसरी, जिन परियोजनाओं का उद्घाटन हो रहा है, वे ममता बनर्जी के रेल मंत्री रहते ही स्वीकृत और वित्तपोषित की गई थीं। पार्टी का आरोप है कि भाजपा 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले अधूरे कार्यों को जल्दबाजी में दिखाने की कोशिश कर रही है। तीसरी वजह यह है कि मुख्यमंत्री ऐसे किसी कार्यक्रम में नहीं जाना चाहतीं, जहां पहले की तरह भाजपा समर्थक अव्यवस्था फैलाएं या उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार करें। साथ ही आरोप लगाया कि केंद्र चुनावी लाभ के लिए अधूरी परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहा है।

## ममता ने फिरहाद-अरूप को किसी भी संदिग्ध सर्वेक्षण पर निगरानी रखने का सौंपा काम

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आशंका जताई कि घर-घर सर्वेक्षण के नाम पर निजी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। इस मामले को गंभीर मानते हुए उन्होंने दो वरिष्ठ मंत्रियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। बैठक में ममता बनर्जी ने नगर विकास मंत्री फिरहाद हाकिम को निर्देश दिया कि राज्य के सभी नगरपालिकाएँ इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और किसी भी संदिग्ध सर्वेक्षण की तुरंत जानकारी दें। इसी तरह, खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अरूप विश्वास को सभी विधायकों तक यह संदेश पहुँचाने का जिम्मा दिया गया है, ताकि वे सतर्क और सजग रहें और अपने-अपने क्षेत्रों में हो रहे ऐसे प्रयासों पर ध्यान दें। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से कूचबिहार जिले के मतदाता सूची पर नजर रखने का निर्देश मंत्री उदयन गुहा को दिया है। उन्होंने कहा कि विधायकों को इस बात पर ध्यान देना होगा कि कहीं घर-घर जाकर किसी तरह की अनाधिकृत जनगणना या जानकारी इकट्ठा करने का काम तो नहीं चल रहा है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि इस मामले में सख्त निगरानी और समन्वित कार्रवाई जरूरी है ताकि राज्य की जनता की निजी जानकारी सुरक्षित रहे।

# कोलकाता में भाजपा की एक लाख महिलाओं की रैली आयोजित करने की योजना

❑ **महिलाएं सड़कों पर उतरकर महिला मुख्यमंत्री को हटाने की करेंगी मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की महिला मुख्यमंत्री को हटाने के लिए भाजपा ने कोलकाता में एक लाख महिलाओं की रैली आयोजित करने की योजना बनाई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व बंगाल भाजपा के प्रभारी पर्यवेक्षक सुनील बंसल ने सोमवार को राज्य भाजपा महिला शाखा के समक्ष इसका प्रस्ताव रखा। इस दिन, राज्य महिला शाखा ने कोलकाता स्थित राष्ट्रीय पुस्तकालय सभागार में एक नारी शक्ति सम्मेलन



का आयोजन किया था। सम्मेलन में सुनील बंसल सहित नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, राज्य भाजपा महासचिव (संगठन) अमिताभ चक्रवर्ती, पूर्व केंद्रीय मंत्री देबश्री चौधरी, मफूजा खातून और मीनादेवी पुरोहित मौजूद थे। बंसल ने शुरुआत में ही स्पष्ट कर दिया कि यह सम्मेलन 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारी के तौर पर आयोजित किया गया है। चुनाव की तैयारी के लिए अभी छह महीने बाकी हैं। इन छह महीनों में महिला मोर्चा को जनसंपर्क कार्यक्रम करने होंगे। बंसल ने कहा कि मैं चाहता हूं कि ब्रिगेड में होने वाली जनसभाओं की तरह ही एक लाख महिलाएं कोलकाता में इकट्ठा हों, क्योंकि महिला मुख्यमंत्री के कार्यकाल में ही राज्य में महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुए हैं। महिलाएं सडक़ों पर उतरकर मुख्यमंत्री को हटाने की मांग करेंगी।

# बशीरहाट में भाजपा कार्यकर्ता की सरेआम चाकू मारकर हत्या की कोशिश

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बशीरहाट थाना अंतर्गत टाकी रोड के दलाल पाड़ा में बदमाशों के खिलाफ एक भाजपा कार्यकर्ता की सरेआम चाकू मारकर हत्या करने की कोशिश का आरोप लगा है। पता चला है कि इलाके पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। घटना को लेकर इलाके में गहरा तनाव फैल गया है। पुलिस मौके पर है। घायल का नाम स्वपन रॉय चौधरी है। सूत्रों के अनुसार, स्वपन रॉय चौधरी बशीरहाट नगरपालिका के वार्ड 13 के भाजपा शक्ति केंद्र के प्रभारी हैं। लंबे समय से उनका नाम इलाके में कई बदमाशों और असामाजिक गतिविधियों के लिए पुलिस रजिस्टर में था। हालांकि, वह हाल ही में भाजपा की छत्रछाया में थे। सोमवार की सुबह लगभग 10:30 बजे, इलाके पर कब्जे को लेकर असामाजिक तत्वों के साथ उनका झगड़ा हो गया। उनके बेटे अभिजीत रॉय चौधरी को टाकी रोड पर दिनदहाड़े बदमाशों के एक समूह ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया। उन्हें लहूलुहान हालत में बचाया गया और बशीरहाट स्वास्थ्य जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**Name Change**

I, Rajdeo Paswan (old name) son of Late Ram Prasad Paswan, residing at 25/B, CHRISTOPHER ROAD, OPP. EXCISE BUILDING, PIN-700046, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as Raj Deb Paswan (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 18/08/2025. Raj Deb Paswan (new name) and Rajdeo Paswan (old name) both are same and one identical person.

**आसनसोल मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**शुद्धिपत्र**

**आसनसोल मंडल के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य** के लिए ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञापन के संदर्भ में, सूचित किया जाता है कि प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि को संशोधित किया गया है। प्री-नॉन इंटरलॉकिंग कार्य जो **दिनांक** 17.08.2025 को पहले ही शुरू किया गया था, अब **दिनांक 22.08.2025 तक जारी रहेगा** और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य **दिनांक** 23.08.2025 **और** 24.08.2025 को किया जाएगा। पूर्व अधिसूचना के अनुसार ट्रेन आवागमन के संबंध में नियंत्रण अपरिवर्तित रहेंगे।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**सियालदह मंडल के तहत एटीवीएम समन्वयकों की नियुक्ति**

सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारीगण एवं उनके जीवनसाथी/ वयस्क संतान एवं आम जनता

सूचना सं.: सीसी.3/यूटीएस/एटीवीएम फैसिलिटेटर/एसडीएएच/2025, दिनांक: 14.08.25

यह रेलवे की नौकरी नहीं है, यह एक एजेंट जैसा कार्य है

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा **नियुक्ति की तारीख से 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए एटीवीएम मशीनों से अनारक्षित कागज की टिकटें जारी करने के लिए एटीवीएम समन्वयक** के रूप में कार्य करने हेतु **सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों, सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के जीवनसाथी/व्यस्क संतान एवं आम जनता** से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। 150 किमी तक की यात्रा के लिए स्मार्ट-कार्ड की रिचार्ज रकम पर 3% की दर से बोनस प्रदान किया जाएगा। 151 किमी से 500 किमी के बीच की यात्रा के लिए 2% की दर से बोनस प्रदान किया जाएगा एवं उसके उपरांत 500 किमी से ज्यादा दूरी की यात्रा के लिए टिकटें जारी करने पर 1% की दर से बोनस प्रदान किया जाएगा। कथित बदलाव एनएसजी 1, एनएसजी 2 एवं एनएसजी 3 श्रेणी स्टेशनों के लिए लागू होगा। अन्य श्रेणी के स्टेशनों के लिए 150 किमी की दूरी कैपिंग की मौजूदा पॉलिसी जारी रहेगी यानी 150 किमी तक 3% की दर से बोनस प्रदान किया जाएगा। रिचार्ज पर बोनस की रकम आर-वॉलेट में जमा रकम 150 किमी से ज्यादा दूरी की टिकटें तथा सीजन टिकटें जारी करने पर शेष जमा रकम से डेबिट कर दी जाएगी। **क्रमांक एवं स्टेशन जहां एटीवीएम संचालित हैं एवं एटीवीएम समन्वयकों की आवश्यकता है क्रमशः निम्नलिखित हैं**: (1) आड़ंघाटा (2) अगरपाड़ा, (3) आकड़ा, (4) अशोकनगर, (5) बहरु, (6) बिनय बादल दिनेश बाग, (7) बिराटी, (8) बिद्याधरपुर, (9) बदकुल्ला, (10) बेलडांगा, (11) बाघाजतीन, (12) बगुला, (13) बीरनगर, (14) विड़ा, (15) बेलघरिया, (16) बालीगंज जंक्शन, (17) बनगाँव जंक्शन, (18) बिधाननगर रोड, (19) बाराकपुर, (20) बहरमपुर कोर्ट, (21) बारुईपुर, (22) बिशरपाड़ा कोदालिया, (23) बसिरहाट, (24) भासिला, (25) बारासात जंक्शन, (26) बेथुयाडहरी, (27) भगवानगोला, (28) चाकदह, (29) चांदपाड़ा, (30) कैनिंग, (31) चम्पाहाटी, (32) चाँपापुकुर, (33) बाली घाट, (34) देउला, (35) दक्षिणेश्वर, (36) दक्षिण बारासात, (37) दमदम कैण्ट., (38) दमदम जंक्शन, (39) दुर्गानगर, (40) डॉयमण्ड हार्बर, (41) ढाकुरिया, (42) धामुआ, (43) दत्तपुकुर, (44) फुलिया, (45) गोबरडांगा, (46) गोचरण, (47) गंगनापुर, (48) गड़िया, (49) गोपालनगर, (50) घुटियारी शरीफ, (51) गुमा, (52) हाबरा, (53) हृदयपुर, (54) हालीशहर, (55) हासनाबाद, (56) हाड़ोआ रोड, (57) होटर, (58) ईछापुर, (59) यादबपुर, (60) जगद्दल, (61) जयनगर मजिलपुर, (62) कोमागाता मारु बजबज, (63) खड़दह, (64) कालिकापुर, (65) कृष्णनगर सिटी जंक्शन, (66) कांकीनाड़ा, (67) कोलकाता टर्मिनल, (68) कांचारापाड़ा, (69) काकद्वीप, (70) कल्याणी जंक्शन, (71) कल्याणपुर, (72) लालगोला, (73) लक्ष्मीकांतपुर, (74) माझेरग्राम, (75) मल्लिकपुर, (76) मुर्शिदाबाद जंक्शन, (77) मगराहाट, (78) माझदिया, (79) माझेरहाट, (80) मध्यमग्राम, (81) मदनपुर, (82) मथुरापुर रोड, (83) मछलंदपुर, (84) न्यू अलीपुर (कोलकाता), (85) नंगी, (86) न्यू बाराकपुर, (87) न्यू गड़िया, (88) नैहाटी जंक्शन, (89) नामखाना, (90) पायराडांगा, (91) पियाली, (92) पलासी, (93) पार्क सर्कस, (94) पलता, (95) रानाघाट जंक्शन, (96) सियालदह, (97) सोदपुर, (98) सिमुराली, (99) श्यामनगर, (100) संग्रामपुर, (101) सोनारपुर जंक्शन, (102) संतोषपुर, (103) शासन रोड, (104) शांतिपुर जंक्शन, (105) टीटागढ़, (106) ठाकुरनगर, (107) टालीगंज, (108) तालदी एवं (109) कल्याणी घोषपाड़ा।

ऊपर उल्लिखित स्थानों पर एटीवीएम समन्वयक के रूप में कार्य करने के इच्छुक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारीगण तथा/अथवा उनके जीवनसाथी/ वयस्क संतान एवं 18 वर्ष से अधिक उम्र की आम जनता नियुक्ति की साधारण शर्तें, आवेदन प्रपत्र, पात्रता के मानदंड, कार्यकाल, चयन की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली तथा नियम एवं शर्तें इत्यादि वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं तथा उसे **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014** के कार्यालय में जमा करें। रेलवे प्रशासन के पास बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी आवेदनों को स्थगित/संशोधित अथवा निरस्त करने का अथवा किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

**स्मार्ट बनें, कतार से बचें, एटीवीएम का प्रयोग करें**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)/संतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल, ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। www.ireps.gov.in वेबसाइट पर विवरण निम्नानुसार हैः **क्रम संख्या; निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; बयाना राशि/बोली सुरक्षा** इस प्रकार हैः **[1]; ईएलईसीटी-सीएचजी-25-26-एचएसडीएनजी-19**; एसआरसी यार्ड में डब्ल्यूसीडी लाइन को अस्पताल साइडिंग लाइन नंबर 2, 5 और 6 से जोड़ने के लिए विद्युत कार्य; ₹ 66,15,763.14; ₹ 1,32,300.00; **[2]; ईएलईसीटी-सीएचजी-25-26टीडब्ल्यूईएलएल-20**; एसआरसी में 300 मिमी x 200 मिमी के 03 ट्यूबवेल और टिकियापाड़ा में 01 ट्यूबवेल लगाने और फिटिंग तथा 04 आयरन रिमूवल प्लांट और 04 प्रेशर फिल्टर प्रदान करने के लिए विद्युत कार्य; ₹18,03,241.16; ₹ 36,100.00; **[3]; ईएलईसीटी-सीएचजी-25-26-डब्ल्यूसीडी-21**; संतरागाछी कोचिंग डिपो में डब्ल्यूसीडी1 पर डब्ल्यूसीडी का नवीनीकरण और पिट का प्रावधान; ₹ 47,60,057.47; ₹ 95,200.00। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 05/09/2025 10:30 बजे (सभी निविदाओं के लिए)। योग्य ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे केवल ऑनलाइन के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आवेदन करें। इस निविदा के लिए कोई ऑफ़लाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। कृपया विवरण के लिए दस्तावेज अनुभाग में अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज को ध्यान से पढ़ें। (PR-530)

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 14.08.2025;** मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **क्रमांक 1, निविदा सं.: टीएन-115-25-26; कार्य का नाम:** सियालदह मंडल - मंडल अभियंता/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/ पी.वे/भगवानगोला के अधीन कृष्णनगर-लालगोला अप एवं डाउन लाइन के बीच टीआरआर(पी) - (कुल 31.586 टीकेएम) साथ में अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,76,76,453.05; **ईएमडी :** रु. 2,88,400; **क्रमांक 2, निविदा सं.: टीएन-117-25-26; कार्य का नाम:** सियालदह मंडल - मंडल अभियंता/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/ पी.वे/बेलडांगा के अधीन कृष्णनगर-लालागोला अप लाइन के बीच टीआरआर(पी) - (कुल 38.515 टीकेएम) कार्य के साथ में अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 3,37,04,979.19; **ईएमडी :** रु. 3,18,500; **कार्य समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 08.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** 08.09.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-168/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बूथ एजेंटों की जानकारी मांगने पर तृणमूल ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल पीठ में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के खिलाफ एक याचिका दायर की है। याचिका में राज्य में विधानसभा चुनाव से एक साल पहले व्यक्तिगत राजनीतिक दलों से बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) का विवरण मांगने के उसके फैसले को चुनौती दी गई। राज्य में अगले वर्ष 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) की जानकारी राजनीतिक दलों से मांगने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। तृणमूल कांग्रेस ने एकल पीठ के समक्ष दाखिल याचिका में दावा किया कि चुनाव से इतने पहले यह जानकारी मांगना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। यह मामला न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की अदालत में सुनवाई के लिए आया। इस दिन, सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सिन्हा ने सवाल किया कि क्या केवल तृणमूल कांग्रेस ही आयोग के इस कदम से प्रभावित हुई है या अन्य दलों पर भी इसका असर पड़ा है। न्यायालय ने पूछा कि आप अकेले क्यों आए हैं? इस पर, तृणमूल कांग्रेस के वकील ने कहा कि संभव है अन्य दलों ने इस आदेश को स्वीकार कर लिया हो, लेकिन वे इसे चुनौती दे रहे हैं। पार्टी ने मामले की त्वरित सुनवाई की मांग भी की थी, लेकिन अदालत ने इसे फास्ट-ट्रैक आधार पर सुनने से इनकार कर दिया।

# मंत्री पर हमले का मामला : यादवपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र को मिली जमानत

## अदालत ने 1000 रुपये के मुचलके पर दी जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के काफिले पर हमले की कथित साजिश के आरोप में गिरफ्तार जादवपुर यूनिवर्सिटी (जेयू) के पूर्व छात्र हिंदोल मजूमदार को कोलकाता की अलीपुर अदालत ने सोमवार को जमानत दे दी। हिंदोल मजूमदार, जो इस समय स्पेन की एक यूनिवर्सिटी में शोध कर रहे हैं, को बीते बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया और तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था। सोमवार को जब पुलिस रिमांड की अवधि पूरी हुई तो हिंदोल मजूमदार को फिर अदालत में पेश किया गया। अदालत ने माना कि जांच में अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं दिखी है और पुलिस को आगे पूछताछ की जरूरत भी महसूस नहीं हो रही। इसके बाद मजूमदार को 1000 रुपये के मुचलके पर जमानत मिल गई।

इस दौरान, पुलिस ने तर्क दिया कि अगर हिंदोल मजूमदार रिहा होते हैं तो जांच प्रभावित हो सकती है। उनका छात्रों के साथ संपर्क था जिन्होंने मंत्री की गाड़ी को घेरा और हमला किया। वहीं बचाव पक्ष ने इस दौरान तर्क दिया हिंदोल मजूमदार उस समय स्पेन में थे। उन पर आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। उनका नाम एफआईआर में भी दर्ज नहीं है। पुलिस अब जबरन नया मामला जोड़ रही है। सरकार के वकील ने अदालत में यहां तक कहा कि जैसे 2002 में कोलकाता के अमेरिकन सेंटर हमले की साजिश अफताब अंसारी ने दुबई से रची थी, वैसे ही हिंदोल मजूमदार ने स्पेन से साजिश रची। बचाव पक्ष ने इसे बेहद हास्यास्पद और पुलिस की गढ़ी हुई कहानी बताया।

# कोलकाता में कैंसर पीड़ित वृद्ध का शव लहूलुहान अवस्था में आवास के नीचे से बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कैंसर पीड़ित एक वृद्ध का शव रविवार की रात लहूलुहान अवस्था में उनके आवास के नीचे से बरामद किया गया। शुरुआती कयास लगाए जा रहे हैं कि व्यक्ति ने कैंसर के दर्द से बचने के लिए अपने चौथे मंजिल के फ्लैट से छलांग लगा दी। प्रगति मैदान पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान राजेंद्र कुमार सिंघल (75) के रूप में की गई है। पता चला है कि वह बाईपास स्थित एलीट हाउ-सिंग कॉम्प्लेक्स सिल्वर स्प्रिंग के ब्लॉक 2 के निवासी थे। वह अपनी पत्नी, बेटी और पोते के साथ चौथी



मंजिल के फ्लैट में रहते थे। राजेंद्र, जो अग्नाशय और यकृत के कैंसर से पीड़ित थे, का मुंबई में इलाज चल रहा था। वह पिछले दो महीनों से वहीं थे। वह इस महीने की शुरुआत में घर लौटे थे। रविवार की रात पोते साहिल ने फ्लैट से कुछ भारी चीज गिरने की आवाज सुनी और बाहर भागा। उसने देखा कि उसके दादा अपने घर में नहीं थे। घर की बड़ी कांच की खिड़की भी खुली थी। वे तुरंत नीचे भागे। उन्होंने देखा कि राजेंद्र कुमार सिंघल फ्लैट के आंगन में खून से लथपथ पड़े थे। उन्हें तुरंत एनआरएस मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती कयास लगाए जा रहे हैं कि राजेंद्र कुमार सिंघल कैंसर का दर्द बर्दाश्त नहीं कर पाए और उन्होंने अपने फ्लैट की खिड़की से कूदकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, पुलिस फिलहाल इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है।

# दुर्गा पूजा अनुदान पर हाई कोर्ट में नई याचिका दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दुर्गा पूजा समितियों को दिए जाने वाले अनुदान को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक और याचिका दाखिल हुई है। याचिकर्ता एवं वकील शमीम अहमद ने सोमवार को न्यायमूर्ति सुजॉय पाल की डिवीजन बेंच में जल्द सुनवाई की मांग की है। बता दें कि कुछ दिनों पहले भी इसी मुद्दे पर एक मामला दायर हुआ था। उस पर उच्च न्यायालय ने अंतरिम आदेश दिया था और वह मामला अब भी लंबित है। नई याचिका के साथ उस पुराने मामले की भी संयुक्त सुनवाई हो सकती है। उल्लेखनीय है कि यह विवाद नया नहीं है। दुर्गापुर निवासी ने इस साल पहले ही अनुदान पर सवाल उठाते हुए याचिका दाखिल की थी। इससे



पहले भी वे इसी मुद्दे पर अदालत का दरवाजा खटखटा चुके हैं, हालांकि पिछली याचिका खारिज हो गई थी। हर साल दुर्गा पूजा अनुदान के खिलाफ अदालत में चुनौती दी जाती रही है। 2022 में भी उच्च न्यायालय में मामला दर्ज हुआ था, जिसके बाद डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार द्वारा अनुदान देने पर कई शर्तें लगाई थीं। इनमें पूजा समितियों को 'यूटीलाईजेशन सर्टिफिकेट' जमा करने का निर्देश भी शामिल था।

# डॉ. बीसी रॉय अस्पताल में बच्चे की मौत पर हंगामा, परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

एक बार फिर डॉ. बीसी रॉय अस्पताल आरोपों के घेरे में आ गया है। कथित तौर पर, ओपीडी में दो घंटे से ज़्यादा लाइन में इंतजार करने के बाद एक बच्चे की मौत हो गई। हावड़ा के बांकड़ा निवासी छह साल के शाकिब की ने कोलकाता के डॉ. बीसी रॉय चाइल्ड हॉस्पिटल में ओपीडी में दो घंटे से ज़्यादा लाइन में इंतजार करने के बाद दम तोड़ दिया। उसके परिवार ने आरोप लगाया कि उसकी गंभीर हालत के बावजूद, अस्पताल के कर्मचारियों ने उसे आपातकालीन वार्ड में भर्ती करने के बजाय बाह्य रोगी विभाग में भेज दिया।

बताया गया है कि शाकिब कई दिनों से तेज बुखार से पीड़ित था, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। उसके माता-पिता उसे सुबह लगभग 11 बजे अस्पताल ले गए, लेकिन उनके अनुसार, कर्मचारियों ने बिना इलाज दिए उन्हें बार-बार एक काउंटर से दूसरे काउंटर पर भेज दिया। ओपीडी लाइन में इंतज़ार करते हुए, बच्चा बेहोश हो गया और अपनी मां की गोद में ही दम तोड़ दिया। शोकग्रस्त माता-पिता ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया और दावा किया कि उनके बच्चे में गंभीर लक्षण दिखाई देने के बावजूद उसे तुरंत इलाज नहीं दिया गया। शाकिब के पिता ने भी शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। सूत्रों ने बताया कि प्रोटोकॉल में चूक के शुरुआती सबूत मिले हैं। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया है।

# एसआईआर नहीं, तो चुनाव नहीं होना चाहिए : शुभेंदु अधिकारी

❑ **नेता प्रतिपक्ष ने कहा, बिहार के बाद बंगाल ही नहीं पूरे देश में हो सकता है एसआईआर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध के लिए तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि जब तक एसआईआर नहीं हो जाता, बंगाल में चुनाव नहीं होने चाहिए। इस दिन, साल्टलेक में भाजपा पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बिहार के बाद, इस राज्य और पूरे देश में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू हो सकता है। हालांकि, बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस राज्य में एसआईआर लागू करने का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई मौकों पर विभिन्न रैलियों में इस बारे में चेतावनी दी है। हम एसआईआर पर



भाजपा का रुख बिल्कुल स्पष्ट करना चाहते हैं। हमारी मांग है, 'नो एसआईआर, नो इलेक्शन'। तृणमूल कांग्रेस जितना ज्यादा विरोध करेगी, एसआईआर उतना ही लंबा खिंचेगा और सबको पता है कि इसे लंबा खींचने के क्या नतीजे होंगे। तृणमूल पर निशाना साधते हुए, भाजपा नेता ने आगे कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी अवैध नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना चाहती है। राज्य के विपक्षी नेता ने कहा कि तृणमूल ने ऐसे लोगों को फर्जी वोटर कार्ड बनवाने में मदद की है ताकि वे एक बार कूचबिहार, एक बार मालदा, एक बार डायमंड हार्बर में वोट डाल सकें और अपना आखिरी वोट भवानीपुर में डाल सकें। यह बहुत ही सीधा हिसाब है। इसी साधारण हिसाब की वजह से वे इसमें बाधा डाल रहे हैं। लेकिन एसआईआर कोई नई बात नहीं है। 2002 में, जब बंगाल में एसआईआर हुआ था, तब 26 लाख नाम कटे थे।



# राज्य के सरकारी कॉलेज में एक हफ्ते में एडमिशन शुरू नहीं हुआ तो देंगे धरना : शुभेंदु अधिकारी

❑ **नेता प्रतिपक्ष ने पार्टी विधायकों के साथ राज्यपाल से की मुलाकात**



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने 15 भाजपा विधायकों के साथ सोमवार को राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस से मुलाकात की और सरकारी कॉलेजों में दाखिले की ओर उनका ध्यान आकर्षित करते हुए अगले एक सप्ताह में इसे शुरू कराने का आग्रह किया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि अगर इस मामले में कुछ नहीं हुआ तो सभी भाजपा विधायक विकास भवन के सामने धरना देंगे। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में शिक्षा को पूरी तरह से निजी बनाना चाहती हैं। शुभेंदु अधिकारी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि तीन महीने हो गए हैं और अभी तक प्रथम वर्ष के लिए दाखिले शुरू नहीं हुए हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा के नतीजे भी घोषित नहीं किए गए हैं। यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है, जिससे पांच लाख छात्र और उनके अभिभावक प्रभावित हो रहे हैं। इसी कारण मेरे नेतृत्व में 15 भाजपा विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि 76 मुस्लिम समुदायों को संरक्षण देने के लिए दाखिले को टालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में पिछले एक साल के दौरान 8,200 शैक्षणिक संस्थानों को बंद किया गया है। ममता सरकार शिक्षा का निजीकरण करने का प्रयास कर रही है। निजी कॉलेजों में उन्हीं के बच्चे पढ़ पाते हैं, जिनके पास पैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ महीनों में करीब एक हजार करोड़ का कारोबार किया गया। इसका 10 प्रतिशत मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास पहुंच गया है। उन्होंने आगे कहा कि ममता सरकार प्रदेश में बांग्ला और बंगाली को लेकर घटिया राजनीति कर रही है। राज्यपाल ने केंद्र सरकार की प्रशंसा की है। इसके साथ ही, शुभेंदु अधिकारी ने राज्यपाल द्वारा उन्हें दी गई हरियाणा रिपोर्ट का भी जिक्र किया। उन्होंने ममता बनर्जी के उस बयान पर भी टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने श्रमश्री परियोजना के तहत बंगाल के प्रवासी मजदूरों को तब तक 5 हजार रुपए प्रतिमाह भत्ता देने की बात कही थी, जब तक उन्हें काम नहीं मिलता।

## बोलपुर के आईसी को अपशब्द मामले में अनुब्रत मंडल ने अदालत में किया आत्मसमर्पण

### 1000 रुपये के बांड पर मिली जमानत



**बीरभूम :** तृणमूल कांग्रेस नेता अनुब्रत मंडल ने सोमवार को बोलपुर महकमा अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। सुबह उनके वकीलों ने अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दायर की थी, जिसे दोपहर में अदालत ने मंजूर कर लिया। वहीं, एससीजेएम ने अनुब्रत को 1000 रुपये के निजी बांड पर जमानत दे दी। उनके वकील नूपुर दत्ता बंद्योपाध्याय ने कहा कि अनुब्रत मंडल ने बिना शर्त आत्मसमर्पण किया और अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। यह मामला बीते 29 मई को वायरल हुए एक ऑडियो क्लिप से शुरू हुआ था, जिसमें अनुब्रत मंडल को बोलपुर थाने के इंस्पेक्टर इन चार्ज (आईसी) लिटन हालदार को गालियां देते सुना गया था। ऑडियो में उन्होंने लिटन की मां और पत्नी को भी अपशब्द कहे थे। इस घटना की पूरे राज्य में निंदा हुई और विपक्ष ने उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किए। दबाव बढ़ने पर 1 जून को बोलपुर थाना पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेकर अनुब्रत के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले की जांच बोलपुर के एसडीपीओ रिकी अग्रवाल कर रहे हैं, जिनके सामने अनुब्रत को पेश होना पड़ा था। पार्टी के दबाव में उन्हें माफी भी मांगनी पड़ी थी, जिसके बाद पार्टी के भीतर उनकी स्थिति कमजोर हुई। अनुब्रत के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 224 (सरकारी काम में बाधा), 132 (सरकारी कर्मचारी का उत्पीड़न), और धारा 75 और 351 (धमकी) के तहत केस दर्ज हुआ। पुलिस ने यह भी जांच की कि ऑडियो क्लिप कैसे लीक हुआ। इस दौरान लिटन हालदार के दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।

## कुलतली में महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली निवासी एक महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि आरोपी ने शादी का वादा कर महिला से लंबे समय तक यौन संबंध बनाए। लेकिन उन्होंने इसे पूरा नहीं किया। इसके बजाय, उन्हें ब्लैकमेल किया गया। कथित तौर पर, आरोपी युवक उसे आए दिन धमकाता और जान से मारने की धमकी देता था। इसे और सहन करने में असमर्थ, पीड़िता ने आखिरकार रविवार की रात थाने में दुष्कर्म की एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता का जल्द ही शारीरिक परीक्षण किया जाएगा। साथ ही, अदालत में उसका गोपनीय बयान दर्ज करने के लिए एक आवेदन दिया जाएगा।

## एबीवीपी ने डब्ल्यूजेईई परिणामों के प्रकाशन में देरी को लेकर किया प्रदर्शन




**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा (डब्ल्यूबीजेईई) के परिणामों के प्रकाशन में देरी के विरोध में सोमवार को सॉल्टलेक स्थित राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन के सामने प्रदर्शन किया। बता दें कि डब्ल्यूबीजेईई इस वर्ष अप्रैल में आयोजित की गई थी, लेकिन परिणाम प्रकाशित नहीं किए गए हैं। राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए और तख्तियां लेकर प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा विभाग पर 'भ्रष्टाचार' का आरोप लगाया और डब्ल्यूबीजेईई परिणाम तुरंत जारी करने की मांग की। एबीवीपी सदस्यों ने कई उच्च शिक्षण संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश में देरी के लिए राज्य शिक्षा विभाग को भी जिम्मेदार ठहराया। पुलिस ने एबीवीपी सदस्यों को विकास भवन की ओर मार्च करने से रोक दिया और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इलाके को खाली करा दिया। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हम शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु से मिलना चाहते थे। हमने पुलिस को यह भी बताया कि हम पांच लोग एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उनसे मिलने जाएंगे। लेकिन पुलिस हमें अनुमति नहीं दे रही है।

## मेजर जनरल विवेक त्यागी ने एनसीसी के महाराष्ट्र निदेशालय के एडीजी का पदभार संभाला

❑ **त्यागी ने इससे पहले दो वर्षों तक एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय का किया शानदार नेतृत्व**



**कोलकाता :** पिछले दो वर्षों से अधिक समय तक एनसीसी के पश्चिम बंगाल व सिक्किम निदेशालय के अपर महानिदेशक (एडीजी) के रूप में शानदार नेतृत्व करने वाले मेजर जनरल विवेक त्यागी ने सोमवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर के महाराष्ट्र निदेशालय के नए एडीजी के रूप में पदभार संभाला। पदभार ग्रहण करने पर मेजर जनरल विवेक त्यागी ने सभी रैंकों के कर्मियों व अधिकारियों से सशस्त्र बलों और एनसीसी की उत्कृष्ट परंपराओं को बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एडीजी के रूप में मेरा प्रयास कैडेटों के लिए सर्वोत्तम प्रशिक्षण व अवसर सृजित करने पर होगा। त्यागी ने कहा कि महाराष्ट्र निदेशालय रिकार्ड संख्या में कई बार चैंपियन निदेशालय रहा है, जिसका अर्थ है कि यह बहुत अधिक जिम्मेदारी वहन करता है। यह एक बड़ा निदेशालय है जिसमें तीनों विंगों में सात समूह और कुल 63 इकाइयां शामिल हैं। मैं इस निदेशालय द्वारा वर्षों से अर्जित की गई प्रतिष्ठा व शक्तियों को जारी रखने और विस्तार के साथ इसे और बेहतर बनाने का पूरा प्रयास करूंगा।

उन्होंने उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने, भविष्य के लिए प्रशिक्षण को बेहतर बनाने और युवा कैडेटों को जिम्मेदार, सक्षम और सशक्त नागरिक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जो विकसित भारत के विजन में योगदान देंगे।

बता दें कि इससे पहले मेजर जनरल त्यागी ने एडीजी के रूप में जुलाई 2023 से आठ अगस्त 2025 तक एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय का शानदार नेतृत्व किया। मेजर जनरल त्यागी सेना के एक अनुभवी अधिकारी हैं और कई महत्वपूर्ण पदों व जिम्मेदारी को वे संभाल चुके हैं। उनके शानदार नेतृत्व और दृढ़ प्रतिबद्धता ने यहां एनसीसी मिशन को अत्यधिक सुदृढ़ किया और महत्वपूर्ण बदलाव आया।

## आर.जी. कर घटनास्थल का निरीक्षण कराने की याचिका से पीछे हटे हाईकोर्ट के न्यायाधीश

**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ हुई कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में बड़ा मोड़ सामने आया है। घटना स्थल का निरीक्षण कराने की पीड़िता के माता-पिता की याचिका पर सुनवाई से कोलकाता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने स्वयं को अलग कर लिया है। मामला अब न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की पीठ में भेजा गया है। दरअसल, पीड़िता के माता-पिता ने अदालत में अर्जी दायर कर उस वार्ड और स्थान का प्रत्यक्ष निरीक्षण कराने की मांग की थी, जहाँ यह भयावह घटना घटी थी। पहले इस याचिका को न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने निचली अदालत में भेज दिया था। लेकिन शियालदह अदालत ने पीड़िता के माता-पिता की याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद आदेश को चुनौती देते हुए वे फिर से हाईकोर्ट पहुँचे और न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की अदालत में सुनवाई शुरू हुई। हालांकि, सोमवार को न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने अचानक इस मामले से स्वयं को अलग कर लिया।

## नवान्न अभियान मामला : गवाही के बजाय पूछताछ की आशंका, बीजेपी नेता सजल घोष पहुंचे हाईकोर्ट

**कोलकाता :** नवान्न अभियान (9 अगस्त) से जुड़ी हिंसा मामलों में दर्ज एफआईआर के सिलसिले में पुलिस द्वारा समन मिलने पर बीजेपी नेता सजल घोष ने कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है। उनका आरोप है कि पुलिस उन्हें गवाह के रूप में बुलाने के बजाय पूछताछ के नाम पर फंसाने की कोशिश कर सकती है। दरअसल, इस मामले में कई बीजेपी नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। जहाँ अशोक डिंडा को अग्रिम जमानत मिल चुकी है, वहीं अर्जुन सिंह समेत कई नेता अब भी न्यायिक प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं। इसी बीच पुलिस ने सजल घोष को गवाही देने के लिए नोटिस भेजा। सजल घोष के वकील ने हाईकोर्ट में दलील दी कि पुलिस गवाही के नाम पर सीधे पूछताछ कर सकती है, जिससे उनके मुवक्किल को परेशानी हो सकती है। इस पर न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने कहा कि सजल घोष को गवाह के तौर पर अदालत में पेश होना ही होगा। साथ ही न्यायमूर्ति ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सजल घोष को किसी प्रकार की आशंका है तो वे अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। मामले की सुनवाई मंगलवार को फिर से अदालत में उठाई जा सकती है।

## सेना की पूर्वी कमान ने ड्रोन प्रहार अभ्यास में क्षमता का किया प्रदर्शन



**कोलकाता :** भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने बदलती सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर सोमवार को 'ड्रोन प्रहार अभ्यास- 2' के जरिए सामरिक स्तर पर अत्याधुनिक ड्रोनों का प्रदर्शन कर अपनी क्षमता परखीं। कोलकाता में पूर्वी कमान मुख्यालय की ओर से एक बयान में बताया गया कि अगरतला में एक दिवसीय यह ड्रोन प्रहार अभ्यास आयोजित किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इस अभ्यास में हर कंधे पर एक बाज के सिद्धांत के अंतर्गत सूचना को एकत्रित करने और दुश्मन पर हमले की शक्ति को बढ़ाना, युद्धक्षेत्र में सामरिक हवाई श्रेष्ठता हासिल करना एवं स्वदेशी प्रणाली को बढ़ावा देना इत्यादि क्षमताओं को निखारा गया। बयान में कहा गया कि इस अभ्यास से नई सोच (नवाचार) को बढ़ावा मिला, नए तरीके सीखे गए जिससे फार्मेशन के बीच बेहतर तालमेल से युद्ध क्षमता को नई ताकत मिली। इस ड्रोन अभ्यास की समीक्षा के लिए पूर्वी कमान के प्रमुख (जनरल आफिसर कमांडिंग इन चीफ) लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडर उपस्थित रहे।

इस दौरे में लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी और पूर्वी कमान के वरिष्ठ कमांडरों ने अगरतला में उच्चस्तरीय बैठक में बदलती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने हेतु आपरेशनल तैयारी, अनुकूलन क्षमता और नवाचार से जुड़े पहलुओं पर एक अत्यंत सार्थक चर्चा भी की।

## भारत के उज्ज्वल भविष्य को परिभाषित करने वाले पैरालंपिक गौरव का डेलॉइट इंडिया ने किया सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** डेलॉइट इंडिया ने पैरालंपिक पदक विजेता और दुनिया की पहली बिना हाथों वाली महिला पैरा तीरंदाज शीतल देवी के साथ साझेदारी कर विविध प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। 18 वर्षीय शीतल ने मात्र 15 वर्ष की आयु में तीरंदाजी शुरू की और 16 वर्ष की उम्र में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 17 साल की उम्र में अर्जुन पुरस्कार और पैरालंपिक कांस्य पदक हासिल किया। डेलॉइट साउथ एशिया के सीईओ रोमल शेट्टी ने कहा कि शीतल की यात्रा यह दिखाती है कि जब दृढ़ संकल्प और अवसर मिलते हैं तो असंभव भी संभव हो जाता है। शीतल ने कहा कि उनकी सफलता उनके आत्मबल और समर्थकों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने डेलॉइट के सहयोग को एक महत्वपूर्ण संदेश बताया, जो विविध प्रतिभाओं को सम्मान और मंच देने का काम करता है। डेलॉइट का मानना है कि ऐसी कहानियों को प्रोत्साहित कर भारत की प्रतिभा को वैश्विक मंच पर और सशक्त बनाया जा सकता है।

## वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर अमेजन की मेगा सेल, कैमरों पर 70% तक की छूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के अवसर पर अमेजन इंडिया ने कैमरा और एक्सेसरीज पर विशेष सेल की घोषणा की है। इस सेल में ग्राहकों को सोनी, कैनन, इंस्टा360 सहित शीर्ष ब्रांडों पर 70% तक की छूट मिलेगी। साथ ही, एचडीएफसी बैंक कार्ड ईएमआई ट्रांजैक्शन्स पर 4,500 रुपये तक का इंस्टेंट डिस्काउंट भी उपलब्ध है। त्योहारी सीजन में बेहतरीन पलों को कैद करने के लिए यह ऑफर ग्राहकों को अपने उपकरण अपग्रेड करने का शानदार मौका देता है। डील्स में सोनी अल्फा आईएलसीई- 7एम3के मिररलेस कैमरा (1,36,490), कैनन ईओएस आर8 (1,04,990), इंस्टा360 एक्स3 एक्शन कैमरा (29,990), डीजेआई आरएस3 मिनी गिम्बल (23,990), सोनी ई माउंट 18-105एमएम लेंस (35,290) और सिग्मा 18-50एमएम एफ2.8 लेंस (41,599) शामिल हैं। अमेजन का कहना है कि चाहे आप पेशेवर फोटोग्राफर हों या उभरते क्रिएटर, यह ऑफ़र सबके लिए उपयुक्त है। यह सेल 19 अगस्त से 21 अगस्त तक लाइव रहेगी।

## घाटाल मास्टर प्लान अटका फंडिंग में! राज्य बोला : केंद्र नहीं दे रहा पैसा

**कोलकाता :** बहुचर्चित घाटाल मास्टर प्लान को लेकर राज्य और केंद्र के बीच आरोप-प्रत्यारोप फिर तेज़ हो गए हैं। सोमवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत में हलफनामा दाखिल कर साफ़ कहा कि परियोजना में देरी और प्रगति न होने के पीछे केंद्र सरकार ज़िम्मेदार है, क्योंकि अब तक आवश्यक धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई। राज्य सरकार ने अदालत को यह भी बताया कि केंद्र से फंड न मिलने के बावजूद अपने संसाधनों से कुछ कार्य जारी है। वहीं, याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि राज्य ने अब तक न तो ज़मीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की है और न ही ड्रेजिंग का काम शुरू हुआ है। इसलिए राज्य का दावा निराधार है। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजॉय पाल की खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाना होगा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की है।

## पूर्व रेलवे में सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 का शुभारंभ



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मुख्यालय में सोमवार को तीन माह तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 का शुभारंभ हुआ। 18 अगस्त से 17 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने किया। इस अभियान का विषय है - सतर्कता - हमारी साझा जिम्मेदारी। इसकी शुरुआत वॉकथॉन से हुई, जिसे महाप्रबंधक ने अतिरिक्त महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षों और सतर्कता अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने कार्य संस्कृति में नैतिक आचरण, पारदर्शिता और ईमानदारी के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सतर्कता प्रत्येक कर्मचारी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से उच्चतम स्तर की सत्यनिष्ठा और जवाबदेही बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के सभी मंडलों और कार्यशालाओं में सेमिनार, वॉकथॉन और जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान क्षमता-विकास कार्यशालाओं, डिजिटल जागरूकता कार्यक्रमों और संवाद सत्रों जैसी गतिविधियों के माध्यम से संगठन में नैतिकता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की संस्कृति को और मजबूत बनाया जाएगा।

# कोलकाता में 14 किमी नई मेट्रो लाइन का उद्घाटन, परिवहन होगा और भी सुगम






**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता और इसके आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए परिवहन को और सुगम बनाने की दिशा में एक नया कदम उठाते हुए लगभग 14 किलोमीटर की नई मेट्रो लाइन का उद्घाटन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक मेट्रो विस्तार तीन खंडों में है। सियालदह से एस्प्लेनेड (2.45 किमी), नोआपाड़ा से जयहिंद विमानबंदर (6.77 किमी) और हेमंत मुखोपाध्याय से बेलेघाटा (4.39 किमी)।

इन नए खंडों के उद्घाटन से कोलकाता मेट्रो नेटवर्क और ईस्टर्न रेलवे उपनगरीय नेटवर्क के बीच बेहतर इंटरचेंजेबिलिटी सुनिश्चित होगी। विशेष रूप से, बेलेघाटा मेट्रो स्टेशन के हेमंत मुखोपाध्याय से जुड़ने के बाद, पूरी बेलेघाटा-कवि सुभाष मेट्रो लाइन अब पूर्व रेलवे के नए गड़िया स्टेशन के माध्यम से सियालदह दक्षिण नेटवर्क से जुड़ जाएगी, जिससे यात्री आसानी से उपनगरीय ट्रेनों तक पहुंच सकेंगे। सियालदह-एस्प्लेनेड खंड से यात्रा समय लगभग एक घंटे से घटकर मात्र 11 मिनट हो जाएगा। नोआपाड़ा-एयरपोर्ट लाइन के उद्घाटन से केंद्रीय व्यावसायिक क्षेत्रों से कोलकाता हवाई अड्डे तक पहुंचने का समय भी काफी कम हो जाएगा। इस नई मेट्रो लाइन के साथ पूर्व रेलवे उपनगरीय नेटवर्क का सहज समाकलन, विशेष अवसरों जैसे दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियों के लिए लंबे सड़क मार्ग की थकान को कम करेगा और उन्हें अधिक सुविधाजनक यात्रा प्रदान करेगा।

## हावड़ा मंडल में स्वच्छता अभियान के तहत गहन सफाई अभियान का किया आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने सोमवार को चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसरों और ट्रेनों में स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री-हितैषी सुविधाएं सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान विशेष रूप से बोलपुर और तारकेश्वर स्टेशनों के शौचालयों की गहन सफाई की गई, ताकि यात्रियों को अधिक स्वच्छ और आरामदायक माहौल मिल सके। इसके अलावा, कोचों के बीच की वेस्टिब्यूल एरिया की भी पूरी तरह सफाई की गई, जिससे यात्रियों के लिए स्वच्छ और सुगम आवाजाही सुनिश्चित हो सके।

सफाई अभियान में कोचों के अंदरूनी और बाहरी हिस्सों की धुलाई व कीटाणुनाशन पर भी जोर दिया गया, जिससे यात्रियों के सफर के अनुभव को और बेहतर बनाया जा सके। इस अभियान में रेलवे स्टाफ और सफाईकर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और हावड़ा मंडल ने एक बार फिर स्वच्छ और हरित रेलवे प्रणाली की प्रतिबद्धता दोहराई। हावड़ा मंडल नियमित रूप से ऐसे अभियान आयोजित करता है, ताकि यात्रियों और कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके।

## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति का श्रावण मेला सेवा कार्य संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति का श्रावण मेला सेवा कार्य रविवार को संपूर्ण हुआ। सभी कार्यकर्ता एवं सहयोगी संस्थाओं ने बड़ी लगन एवं परिश्रम से रात-दिन कार्य कर श्रावण मेला को सफल बनाया। सहयोगी संस्थाओं में सोसाईटी बेनिफिट सर्कल, श्री राणीसती प्रचार समिति, स्वतंत्र भारत बालचर मंडल, पटेल पाटीदार सेवा समाज, नव जागृति संघ, सहयोगी समिति मोमिनपुर, नमो नारायणी सेवा, श्री श्याम प्रेम मंडल (रिसड़ा), श्री महादेव सेवा समिति संस्थाओं एवं इनके कार्यकर्ताओं के सहयोग से श्रावण में सेवा कार्य सफल हो पाया। इस कार्यक्रम मे समिति के उपसभापति कमला प्रसाद काजरीया एवं शिव रतन गेयका के सहयोग से एव समिति प्रांगण मे उपस्थित प्रधान सचिव बिमल दीवान ने मेला संयोजक एव उपसचिव पवन बंसल, सुभाष सवालदवाला, मेला एवं श्याम मंदिर संयोजक मनोज चौधरी, मेला चेयरमैन एवं मार्ग दर्शक राजकुमार बोथरा दिशा अनुसार सेवायें की गई। मेला सह संयोजक महेश मितल, मनीष धानुका, गिरधारीलाल अग्रवाल, आदित्य तुल्शियान, सुभाष गोयनका तथा समिति के अन्य अधिकारी एवं मेला सदस्य महेश काबरा, आनंद दीवान, महेन्द्र अग्रवाल,उ माशकर जोशी, अरुण दीवान, बानी पढ़ दास, जय प्रकाश गुप्ता, चुन्नी लाल पटेल, दीपक जालान, दुर्शी चंद अग्रवाल, महाबीर नारनोली, महेश पंचलंगिया, मोहित सुरेखा, ताड़कनाथ गुप्ता, राज कुमार टिबरेवाल, रमेश गुप्ता, सज्जन अग्रवाल, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, सुनील सावलदावाला, सुशील जोशी, दीपक अग्रवाल (दिल्ली), आदित्य दीवान, शैलेंद्र कुमार गुप्ता, बिनोद अग्रवाल, संजय अग्रवाल (निम का थाना), विनय सोंथालिया कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय रहा।

## मायापुर इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से जन्माष्टमी उत्सव संपन्न



**मायापुर :** इस्कॉन का प्रमुख केंद्र मायापुर सहित विश्वभर की शाखाओं में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की 5252वीं जयंती, जन्माष्टमी, बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मायापुर इस्कॉन मंदिर प्रांगण में सहस्रों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा परिसर भक्ति-संगीत, कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से गूंज उठा। मायापुर इस्कॉन के जनसंपर्क प्रमुख रसिक गौरांग दास ने बताया कि भाद्र मास की कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि, रात के आठवें प्रहर में, भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण मथुरा के कारागार में हुआ था। धर्म की रक्षा और अधर्म के नाश के लिए भगवान का यह दिव्य अवतरण हुआ था। तभी से जन्माष्टमी का यह पर्व भक्तिभाव से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में सभी जाति और धर्मों के लोग शामिल होते हैं और यह वातावरण सभी को पवित्र भावनाओं से ऊर्जित करता है।

## ऑपरेशन वाइलैप में बड़ी सफलता, मालदह मंडल की आरपीएफ ने 138 कछुओं की तस्करी विफल की




**मालदह :** मालदह मंडल में आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन वाइलैप के तहत बड़ी सफलता प्राप्त की है। टीम ने फरक्का एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या डाउन 15734) से 130 जीवित और 8 मृत कछुओं को जब्त कर वन्यजीव तस्करी के बड़े प्रयास को विफल कर दिया। यह कार्रवाई आरपीएफ की देश की जैव विविधता की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

जानकारी के अनुसार, एएसआई मो. इंटखाबुल आलम के नेतृत्व में गश्ती टीम ने न्यू फरक्का स्टेशन से रवाना होने के बाद एस-4 कोच में कुछ संदिग्ध गतिविधि और दुर्गंध महसूस की। पूछताछ में यात्रियों ने कछुए ले जाने की बात स्वीकार की। मामले की गंभीरता को देखते हुए आलम ने तुरंत अधिकारियों को सूचना दी और मालदह टाउन स्टेशन पर सुदृढ़ बल की व्यवस्था की गई। ट्रेन के मालदह टाउन पहुंचने पर प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर मालदह टाउन के आरपीएफ के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त छापेमारी में 45 बैग और झोलों से विभिन्न आकार के कछुए बरामद किए गए। गिनती में कुल 138 कछुए पाए गए। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले से संबंधित 10 आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई हेतु आरपीएफ पोस्ट, मालदह लाया गया। जब्त कछुओं को वन विभाग को सौंप दिया गया है।

ऑपरेशन वाइलैप के तहत मालदह मंडल की आरपीएफ लगातार रेल मार्गों से अवैध वन्यजीव तस्करी पर कड़ी निगरानी रख रही है और इस अभियान ने एक बार फिर साबित किया है कि आरपीएफ केवल रेलवे संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि देश की प्राकृतिक धरोहर की भी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाजपा नेता निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता बन गए हैं : अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और निर्वाचन आयोग (ईसी) के बीच सांठगांठ का दावा करते हुए सोमवार को कहा कि भाजपा नेता सचमुच आयोग के प्रवक्ता बन गए हैं और नरेन्द्र मोदी-नीत सरकार के अधीन इसकी स्वायत्तता कम कर रहे हैं। इस दिन, अभिषेक बनर्जी ने दिल्ली से लौटने के बाद शहर के हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि निर्वाचन आयोग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी स्वायत्त केंद्रीय एजेंसियां मोदी सरकार की कठपुतली बन गई हैं और भाजपा बिना किसी ठोस सबूत के उनके जैसे विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए इन (स्वायत्त) एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर डायमंड हार्बर लोकसभा सीट की मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं के नाम होने का झूठा दावा करने का आरोप लगाते हुए अभिषेक ने कहा कि मैंने अनुराग जी को अपनी सीट पर ज्यादातर असली मतदाताओं के होने के सबूत सौंपे थे, सिवाय कुछ ऐसे मतदाताओं के, जिनकी इस बीच मृत्यु हो गई थी। इसके बाद इस मुद्दे पर उनकी ओर से कोई बयान नहीं आया। अभिषेक बनर्जी ने जोर देकर कहा कि वह भाजपा की तरह मतदाताओं का सामना करने से नहीं डरते। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा निर्वाचन आयोग के साथ मिलीभगत करके धोखाधड़ी से चुनाव जीतना चाहती है। उन्होंने सवाल किया कि अनुराग ठाकुर जैसे भाजपा नेता निर्वाचन आयोग की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के पक्ष में क्यों बोल रहे हैं? ठाकुर पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा नेता बड़े-बड़े, बेतुके और झूठे दावे करते हैं। जब तथ्यों से सामना होता है, तो वे कभी अपनी गलतियां स्वीकार नहीं करते। ठाकुर को बंगाल और इसके लोगों की बहुत कम समझ है। उन्होंने कहा कि एक बार मैंने जांच के सिलसिले में अपने दस्तावेज़ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सौंपे थे। बाद में, मैं एक भाजपा नेता को उन दस्तावेज़ों के विशिष्ट विवरणों का हवाला देते हुए सुनकर दंग रह गया।' उन्होंने पूछा कि भाजपा नेता कथित रूप से स्वतंत्र एजेंसियों को सौंपी गई गोपनीय जानकारी तक कैसे पहुंच पा रहे हैं? उन्होंने आगे कहा कि इससे हमें एहसास होता है कि भाजपा ही निर्वाचन आयोग है, भाजपा ही प्रवर्तन निदेशालय है। अभिषेक बनर्जी ने फर्जी मतदाताओं की मौजूदगी जैसी चुनावी गड़बड़ियों के बारे में विपक्ष की शिकायत पर स्वतः संज्ञान न लेने के लिए निर्वाचन आयोग की भी आलोचना की। निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मतदाता धोखाधड़ी के आरोपों के संबंध में हलफनामा दाखिल करने को कहा है। इस संबध में, अभिषेक बनर्जी ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मुख्य मुद्दे को दरकिनार कर दिया है। निर्वाचन आयोग के पास अपने दम पर कार्रवाई करने का अधिकार है और चुनावी गड़बड़ियों की जांच के लिए उसे लिखित हलफनामे की आवश्यकता नहीं है।

## खानाकुल में बीजेपी का 12 घंटे बंद, बाजार और यातायात प्रभावित



**हुगली :** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा बुलाए गए 12 घंटे के बंद का हुगली जिले के खानाकुल इलाके में मिला-जुला असर देखा गया। सोमवार सुबह से ही सड़कों पर यातायात लगभग ठप रहा, हालांकि दिन बढ़ने के साथ कुछ वाहन चलते नजर आए। अधिकांश दुकानें बंद रहीं और खानाकुल थाने, खानाकुल बाजार, रामनगर व राजहाटी जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में बंद का प्रभाव दिखा। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि बंद का कोई खास असर नहीं पड़ा। बंद समर्थक बीजेपी कार्यकर्ताओं ने नंदनपुर इलाके में सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया, जिसे पुलिस ने तुरंत हटा दिया। स्थिति को देखते हुए प्रमुख चौराहों और बाजार इलाकों में पुलिस की कड़ी निगरानी रही। खानाकुल विधानसभा क्षेत्र से बाहर हालांकि जीवन सामान्य रहा। अचानक बुलाए गए बंद से आम लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा, खासकर सप्ताह के पहले कार्यदिवस पर। तृणमूल कांग्रेस के खानाकुल-2 ब्लॉक अध्यक्ष रमन प्रमाणिक ने कहा कि बीजेपी सुबह से बंद सफल कराने की कोशिश कर रही थी, लेकिन इसमें नाकाम रही। उनके अनुसार अधिकांश दुकानें खुली थीं और जनता बंद के पक्ष में नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता को गुमराह करने के लिए टायर जलाए गए और केवल 10 प्रतिशत लोग ही बंद के समर्थन में थे। वहीं, बीजेपी विधायक सुशांत घोष ने कहा, हम बंद करना नहीं चाहते थे, लेकिन खानाकुल के लोगों को बचाने की मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा। चूंकि खानाकुल में बीजेपी समर्थक अधिक हैं, इसलिए यहां उनके साथ अत्याचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि रविवार को तृणमूल कांग्रेस की एक बाइक रैली को लेकर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में जोरदार झड़प हुई थी। आरोप है कि पलाशपाई से नतिबपुर तक होने वाली इस रैली पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पथराव किया। इसके जवाब में तृणमूल पर बीजेपी कार्यालय तोड़ने का आरोप लगा। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच ईंटबाजी भी हुई। इसी घटना के विरोध में बीजेपी ने सोमवार सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे के बंद का आह्वान किया।

## राज्य में डेंगू के मामलों में अचानक उछाल, 20 दिन में 1,633 नए मरीज



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में डेंगू के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पिछले 20 दिनों में 16 जिलों से 1,633 नए मामले सामने आए हैं। इनमें दक्षिण बंगाल के 15 जिले सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि उत्तर बंगाल में मालदह एकमात्र प्रभावित जिला है। अधिकारी के अनुसार, मुर्शिदाबाद, बांकुड़ा, उत्तर 24 परगना, हुगली, हावड़ा और कोलकाता में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। मुर्शिदाबाद में सबसे ज्यादा 382 नए मामले दर्ज किए गए हैं और कुल संक्रमितों की संख्या 851 तक पहुंच गई है। कोलकाता में अब तक 328 मामले सामने आ चुके हैं। 24 जून तक राज्य में डेंगू के कुल 2761 मामले दर्ज थे, जो 13 अगस्त तक बढ़कर 4394 हो गए। अधिकारी ने बताया कि पिछले एक महीने में हुई भारी बारिश और जलभराव के कारण मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनीं, जिससे संक्रमण बढ़ा।

# मध्यमग्राम हाई स्कूल के बाहर देर रात विस्फोट, यूपी निवासी शख्स की मौत

**❑ फॉरेंसिक और एनआईए टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और एकत्र किए नमूने**



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम में हुए एक विस्फोट में उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विस्फोट रविवार की देर रात 12.57 बजे मध्यमग्राम हाई स्कूल के मुख्य द्वार के सामने हुआ, जिसमें सच्चिदानंद मिश्रा (25) नामक शख्स की मौत हो गई। बारासात पुलिस जिला के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल को बारासात मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक सर्जरी के बाद उसे कोलकाता के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां सोमवार की सुबह उसने अंतिम सांस ली। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के बाएं हाथ, पेट और बाएं पैर के ऊपरी हिस्से में चोटें आई हैं। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए, जबकि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम ने भी घटनास्थल का दौरा किया और मामले की आवश्यक जांच की। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मृतक के पास एक काला बैग था, जिसमें विस्फोट हो गया। उन्होंने बताया कि एनआईए के अधिकारियों ने बैग के फटे हुए टुकड़े ज़ब्त कर लिए हैं। कुछ तार, दो मोबाइल फोन नंबर और दो आधार कार्ड की फोटोकॉपी भी मिलीं। ये मोबाइल फोन नंबर उत्तर प्रदेश में उसके परिवार के सदस्यों के थे। पुलिस कर्मी के मुताबिक, मृतक के परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि वह हरियाणा में कांच की एक फैक्ट्री में काम करता था और काफी समय से उनके संपर्क में नहीं था। उन्होंने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या वह किसी ऐसे गिरोह का हिस्सा था जिसने कोई आतंकवादी हमला करने की योजना बनाई थी। हम पश्चिम बंगाल में उसके आने की वजह का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने रासायनिक जांच के लिए बैग अपने कब्जे में ले लिया है और इससे हमें यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि उसमें किस प्रकार के विस्फोटक थे। जांचकर्ताओं ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले और एक स्थानीय व्यापारी से पूछताछ की, जिसने विस्फोट होने से कुछ मिनट पहले मृतक व्यक्ति से बातचीत की थी।

## एसएससी अभियान से पहले पुलिस ने बर्खास्त शिक्षक नेता सुमन विश्वास को किया गिरफ्तार

**हुगली/कोलकाता, समाज्ञा :** एसएससी भवन अभियान से पहले बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। बर्खास्त शिक्षकों के आंदोलन के बीच चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट ने शिक्षक नेता सुमन विश्वास को हुगली के आदिसप्तग्राम स्टेशन से सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि एक ऑडियो क्लिप में पुलिस पर बम से हमले और आगजनी की साजिश रचने की बात सामने आई है। बता दें कि बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह ऑडियो क्लिप सार्वजनिक की थी।

पुलिस के मुताबिक, फोन पर हुई इस बातचीत में कुछ बर्खास्त शिक्षक आगामी आंदोलन के दौरान पुलिस पर बम से हमला करने और आगजनी की योजना बनाते सुनाई दे रहे थे। पुलिस का कहना है कि इस साजिश से सुमन विश्वास जुड़े हुए हैं। सुमन के परिवार ने गिरफ्तारी पर कड़ा विरोध जताया। उनके भाई संजय विश्वास ने कहा कि आज सुबह पता चला कि भैया को आदिसप्तग्राम स्टेशन से पकड़ लिया गया, जबकि वे आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे। न तो उन्हें कुछ कहने दिया गया, न ही बताया गया कि उन्हें किस थाने ले जाया गया है। क्या 2016 में नौकरी पाना उनका अपराध था? अगर सरकारी कर्मचारी को ही सरकार अपमानित करेगी तो हम कहां जाएं? परिवार के अनुसार, सोमवार के तड़के करीब 5:30 बजे पुलिस की एक टीम उनके बैंडेल स्थित घर भी पहुंची और तलाशी ली। उस समय सुमन घर पर नहीं थे।

## ब्रह्मर्षि भाटपाड़ा के नये कार्यकारिणी का हुआ गठन



**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्रह्मर्षि भाटपाड़ा की प्रस्तावित सभा में संगठन की कार्यकारणी का गठन किया गया। सभा की अध्यक्षता विजय कुमार पांडे ने की और संचालन डॉक्टर विनोद कुमार ने की। ब्रह्मर्षि भाटपाड़ा के पुराने कार्यकारणी के जगह नयी कार्यकारणी गठन किया गया। जिसमें श्याम नारायण चौधरी को अध्यक्ष के तौर पर चुना गया और जतिन कुमार शुक्ला को सचिव के पद पर आसीन किया गया। उपाध्यक्ष के तौर पर रणवीर सिंह और बिजेंद्र सिंह को चुना गया, जबकि सहायक सचिव के पद पर अमित सिंह और अम्बरीष राय को चुना गया। कोषाध्यक्ष के तौर पर नवीन कुमार शुक्ला को सत्यापित किया गया और कुछ लोगों को सदस्य के तौर पर युक्त किया गया। सभा में विजय कुमार पांडे, डॉ. विनोद कुमार, राम शंकर पांडे, जतिन कुमार शुक्ला, श्याम नारायण चौधरी, जनार्दन राय, जय प्रकाश नारायण सिंह, सूरज कुमार मिश्रा, नंदकिशोर राय, राकेश सिंह, अम्बरीष राय और अमित सिंह और अन्य लोग उपस्थित थे।




वेलिंगटन नागरिक कल्याण समिति (फैन मार्केट) द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस मौके पर शम्भूनाथ जायसवाल, रतन अग्रवाल, अवधेश साव, उमाशंकर जायसवाल, हरीश चन्द्र जायसवाल, दिनेश जायसवाल, रतन गुप्ता सहित बहुत सारे गणमान्य उपस्थित थे।

## हावड़ा नगर निगम की विफलताओं को लेकर भाजपा ने साधा निशाना



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम ने डॉ. सुजय चक्रवर्ती की चेयरमैनशिप में चार साल पूरे किए। इस मौके पर भाजपा नेता उमेश राय ने निगम के कामकाज पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर के लोग इन वर्षों में काफी परेशानियों से गुजरे हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि हावड़ा की सड़कें बदहाल हैं और जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। हल्की बारिश होते ही पूरा शहर जलमग्न हो जाता है और अधिकांश इलाकों में पानी भरने की समस्या बनी रहती है। उन्होंने कहा कि 2013 से 2018 के बीच निगम ने सौंदर्यीकरण और लाइटिंग पर सबसे अधिक खर्च किया, लेकिन आज पार्कों और लाइटों की स्थिति बेहद खराब है, जिससे स्पष्ट है कि नागरिक सुविधाएं देने में निगम पूरी तरह विफल रहा है। उमेश राय ने यह भी कहा कि सात साल से चुनाव नहीं होने के कारण जनता का कोई प्रत्यक्ष प्रतिनिधि नहीं है और साधारण प्रमाणपत्र पाने के लिए भी लोगों को विधायकों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

## द ओरल स्कूल फॉर डेफ चिल्ड्रन के 43 बच्चों ने मनाया खास उत्सव

**कोलकाता :** जंप-एन-जॉय और द ओरल स्कूल फॉर डेफ चिल्ड्रन ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस को चार दिन पहले ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। 43 बच्चों और 10 शिक्षकों ने खेल, रोमांच और खुशी से भरे माहौल का आनंद लिया। गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले इन बच्चों ने ट्रैम्पोलिन, स्पाइडर टॉवर और अन्य आकर्षणों का भरपूर आनंद लिया। प्रशिक्षित विशेषज्ञों ने उनकी सुरक्षा और स्वतंत्रता सुनिश्चित की। बाद में जंप-एन-जॉय की ओर से बच्चों के लिए विशेष भोजन का भी आयोजन किया गया। सह-संस्थापक आदित्य गुप्ता और सीमा गुप्ता ने कहा कि खेल सबके लिए है और बच्चों की मुस्कान ने हमें याद दिलाया कि समावेशी जगहें क्यों जरूरी हैं। आईआरसी ग्रुप के निदेशक (प्रचार) साइरस मदान ने इसे अपने लिए व्यक्तिगत अनुभव बताते हुए कहा कि यह उत्सव बच्चों की स्वतंत्रता और आनंद का सच्चा प्रतीक है।

## कोलकाता में भोमियाजी प्रतिमूर्ति और चांदी का छत्र लोकार्पित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूज्य जग-जयंत गुरुदेव के आशीर्वाद से और सौम्यवक्ता तपसम्राट पूज्य डॉ. आदर्शचंद्र स्वामी की प्रेरणा और सानिध्य में श्री नवलखा संघ के समस्त ट्रस्टीगण तथा कमिटी सदस्यों के प्रबल संकल्प से 27, पोलोक स्ट्रीट, कोलकाता में समेतशिखरजी तीर्थ के अधिष्ठायक देव भोमियाजी की प्रतिमूर्ति और चांदी का छत्र चढ़ाकर दाताश्रियों द्वारा जयनाद के साथ अनेक भाविकों की उपस्थिति में 18 अगस्तच को लोकार्पण किया गया। मधुवन की इस पवित्र भूमि पर समेतशिखर महातीर्थ पहाड़ है जो जैनों के 20 तीर्थंकरों की निर्वाण भूमि है और इस पवित्र क्षेत्र की हजारों वर्षों से अधिष्ठायक देव भोमियाजी रक्षा कर रहे हैं। इस महातीर्थ की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु सबसे पहले भोमियाजी देव के चरणों में वंदन करके आशीर्वाद लेते हैं और फिर देव-दर्शन और पहाड़ यात्रा करते हैं। इस मधुवन की पवित्र भूमि पर हजारों वर्षों से रक्षा करने वाले देव लगभग 3000 वर्ष पहले फागण होली पर्व के दिन पर्वत की तलहटी में विशाल वटवृक्ष के नीचे से प्रकट हुए हैं। और उसी स्थान पर भोमियाजी देव को प्रतिष्ठित किया गया है। जो हाजराहजूर देव माने जाते हैं। इस अवसर पर हर एक भाविकों और श्रद्धालुओं को श्री नवलखा संघ में 99 भावयात्रा और अधिष्ठायक देव भोमियाजी के दर्शन के लिए जरूर पधारने का आमंत्रण है।

# 'वेतन से अधिक विरासत को महत्व दें', गौतम अदाणी ने आईआईटी खड़गपुर में छात्रों से कहा



**खड़गपुर, समाज्ञा :** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को आईआईटी खड़गपुर में छात्रों से कहा कि वह वेतन की अपेक्षा विरासत वाले जीवन को अधिक महत्व दें। आईआईटी खड़गपुर की प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि आज युवा भारतीयों के सामने दो विकल्प हैं। पहला -विदेश में सुरक्षित नौकरियों के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों में शामिल हों या भारत में रहकर एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करें जो 2050 तक 25 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता हो। उन्होंने 16 साल की उम्र में अहमदाबाद छोड़कर भविष्य बनाने के लिए मुंबई जाने के फैसले को याद करते हुए कहा कि एक ट्रेन आपको सैलरी तक ले जाती है, दूसरी विरासत तक और केवल यही ट्रेन है, जो आपको भारत के निर्माण का गौरव दिला सकती है। गौतम अदाणी ने आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए कहा कि 21वीं सदी में सच्ची आजादी सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, रक्षा प्रणालियों और डेटा संप्रभुता में आत्मनिर्भरता से ही आएगी। अदाणी समूह के चेयरमैन ने छात्रों को याद दिलाया कि आज तकनीकी बदलाव की गति इतिहास के किसी भी अन्य दौर से अलग है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन एक गुना की गति से नहीं हो रहा है। इसकी गति दस गुना या सौ गुना है और यह हजार गुना की ओर बढ़ रही है, क्योंकि एआई, एआई का निर्माण शुरू कर रहा है, एलएलएम, एलएलएम लिखना शुरू कर रहे हैं, रोबोट, रोबोट बनाना शुरू कर रहे हैं, और मशीनें,मशीनों को सिखाना शुरू कर रही हैं। संबोधन में अरबपति उद्योगपति ने स्वीकार किया कि भारतीय कॉर्पोरेट जगत भी इनोवेशन की कमी के लिए जिम्मेदार है और उन्होंने उद्योग जगत से अनुसंधान एवं विकास में और अधिक निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर हम कॉर्पोरेट जगत हाथ आगे नहीं बढ़ाएंगे, तो हम विदेशी आविष्कारों के उपयोगकर्ता ही बने रहेंगे और कभी भी आविष्कारक नहीं बन पाएंगे। यह एक ऐसा भविष्य है जिसे हम स्वीकार नहीं कर सकते। इसके अतिरिक्त, गौतम अदाणी ने अदाणी-आईआईटी प्लैटिनम जुबली चेंज मेकर्स फेलोशिप की घोषणा की। साथ ही, रिन्यूएबल एनर्जी, लॉजिस्टिक्स और एयरपोर्ट्स में लीविंग लैबोरेट्री की स्थापना की, जिससे आईआईटीयन वास्तविक दुनिया की चुनौतियों पर अपने विचारों का परीक्षण कर सकें।

## अनिल खटेड़ जी की स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन वितरण



**हावड़ा, समाज्ञा :** स्व. अनिल खटेड़ जी की स्मृति में नॉर्थ हावड़ा यूथ फोरम, उनके परिवारजन एवं शुभचिंतकों द्वारा जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। यह सेवा कार्य उनके निवास स्थान, गैंग्स शिवा अपार्टमेंट के नीचे आयोजित किया गया, जहां लगभग 901 लोगों को भोजन वितरित किया गया। अनिल खटेड़ जी सदैव सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे और जरूरतमंदों की मदद को अपना कर्तव्य मानते थे। उनकी इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए उनके परिजनों और मित्रों ने यह पहल की। इस सेवा कार्य में विशेष सहयोग देने वालों में श्रीयांस खटेड़, रितेश खटेड़, ज्योति खटेड़, हरिप्रसाद अग्रवाल, अमित बूबना, राज सिंघी, उमेश साव, अभिषेक उपाध्याय, सुमित अग्रवाल, अनंत मढ़ोगरिया, पवन धारीवाल, गोविंदा दा, हिमांशु साव, दिव्यांशु साव, राम बिहारी सिंह, राज कुमार, मुन्ना साव सहित गैंग्स शिवा अपार्टमेंट के सभी निवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस पहल के माध्यम से न केवल अनिल जी की स्मृतियों को नमन किया गया बल्कि उनकी समाजसेवी सोच को भी जीवंत किया गया।

## एआरसी इंसुलेशन एंड इंसुलेटर्स लिमिटेड 21 अगस्त को करेगी आईपीओ लॉन्च

**कोलकाता :** फाइबर रिइनफोर्स्ड प्लास्टिक कॉम्पोजिट उत्पादों की अग्रणी निर्माता और निर्यातक कंपनी एआरसी इंसुलेशन एंड इंसुलेटर्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह अपना आईपीओ 21 अगस्त 2025 को लॉन्च करेगी, जो 25 अगस्त 2025 तक खुला रहेगा। कंपनी का प्रस्तावित लिस्टिंग प्लेटफॉर्म एनएसई इमर्ज है। इस आईपीओ में 30,45,000 इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और 2,50,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। इश्यू का न्यूनतम लॉट साइज 1000 रखा गया है और प्राइस बैंड 119 - 125 तय किया गया है। कंपनी की दृष्टि पर टिप्पणी करते हुए, एआरसी के प्रबंध निदेशक मनीष बजोरिया ने कहा: यह आईपीओ केवल एक वित्तीय मील का पत्थर नहीं है; यह हमारे नवाचार-आधारित विकास को आगे बढ़ाने का अवसर है।

# कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका: राज्य में डीजे बैन की मांग

### सरकार और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से रिपोर्ट तलब

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर दाखिल एक याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और प्रदूषण नियंत्रण परिषद को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विकास रंजन भट्टाचार्य और रातुल सरकार ने अदालत में दलील दी कि राज्यभर में धड़ल्ले से डीजे बजाए जा रहे हैं। इनकी ध्वनि 120 से 130 डेसिबल तक पहुंच रही है, जबकि कानूनी सीमा 65 डेसिबल तय की गई है। उनके अनुसार, इस शोर से बुजुर्गों की सेहत और बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि केवल कागज़ पर नियम बनाना पर्याप्त नहीं है, प्रशासन को कठोर कदम उठाने होंगे। यदि डीजे बजाना आवश्यक हो तो ध्वनि-नियंत्रण मानकों का पालन अनिवार्य होना चाहिए।

हालांकि, राज्य सरकार और प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने अपने पक्ष में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच, न्यायमूर्ति सुजॉय पाल और न्यायमूर्ति स्मिता दास ने यह स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट द्वारा डीजे संबंधी दिशा-निर्देश भी अदालत में पेश करने होंगे। इस मामले की अगली सुनवाई 19 सितंबर को होगी।

# रिसड़ा में धूमधाम से मनाया गया खेला होबे दिवस, खिलाड़ियों को मिला सम्मान

**❑ चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने खिलाड़ियों के साथ खेला फुटबॉल,**



**हुगली, रिसड़ा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रेरणा से रिसड़ा नगरपालिका की ओर से सोमवार को खेला होबे दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा स्वयं खेल मैदान पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम की शुरुआत चेयरमैन मिश्रा ने फुटबॉल पर किक लगाकर की। इसके बाद खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें युवाओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि खेल न केवल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं बल्कि समाज में भाईचारे और एकता की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति से कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया। दर्शकों की तालियों और नारों से पूरा खेल मैदान गूंज उठा और क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सजा कान्हा का दरबार, भजन-नृत्य ने मोहा भक्तों का मन



**हुगली :** हुगली जिले के रिसड़ा में इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रिसड़ा नगरपालिका के 7 नंबर वार्ड स्थित पूर्णा बाबू मठ (हेल्थ सेंटर) परिसर में भजन संध्या, नृत्य नाटिका रास लीला डांडिया का भव्य आयोजन हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। सिंह परिवार पारस सिंह कोठी की ओर से तीन दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण जन्म, नंद उत्सव, महारास और लाइव डांडिया प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहे। आयोजन समिति के अजय प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद कोलकाता और बनारस से आए सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने श्याम भजन, राधा-कृष्ण के मनमोहक भजन और शिव भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान शरद मास्टर गोंडवाली (उज्जैन), बबीता झा (कोलकाता), नीतू यादव (बनारस), आकाश सारस्वत (कोलकाता) और डायल ग्रुप (कोलकाता) सहित कई कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं।

# राहुल ने एसआईआरए को 'वोट चोरी' का नया हथियार बताया

**औरंगाबाद/गयाजी:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार में अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान निर्वाचन आयोग पर हमला जारी रखा और कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 'वोट चोरी का नया हथियार' है। राहुल गांधी ने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दूसरे दिन यह भी कहा कि लोकतंत्र में सबकी भागीदारी को किसी हाल में खत्म नहीं होने दिया जाएगा। गांधी ने दूसरे दिन की यात्रा औरंगाबाद के कुटुंबा से शुरू की और रफीगंज होते हुए गयाजी जिले पहुंचे। गयाजी शहर में एक सभा के साथ आज देर शाम दूसरे दिन की यात्रा का समापन होगा। कुटुंबा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार का विधानसभा क्षेत्र है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के साथ इस यात्रा में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले)



लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी और महागठबंधन के कई अन्य नेता शामिल हैं। यात्रा के दौरान गांधी और तेजस्वी यादव ने औरंगाबाद स्थित मशहूर देव सूर्य मंदिर के दर्शन किए। गांधी और तेजस्वी यादव से मिलने के लिए जगह-जगह लोग सड़क किनारे कतारबद्ध खड़े थे। राहुल गांधी ने ऐसे कई लोगों से मुलाकात की एक तस्वीर अपने व्हाट्सएप चैनल पर साझा की जिनके नाम एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से कथित तौर पर काट दिए गए, जबकि उन्होंने लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। कांग्रेस नेता ने कहा, ''एसआईसीआर वोट चोरी का एक नया हथियार है। इत्तेफाक से इस तस्वीर में मेरे साथ खड़े लोग इस चोरी के 'जीते-जागते' सबूत हैं।'' उन्होंने कहा कि इन सभी लोगों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट डाला था, मगर बिहार विधानसभा चुनाव आते-आते भारत के लोकतंत्र से इनकी पहचान, इनका वजूद मिटा दिया गया। कांग्रेस नेता ने 70 वर्षीय किसान एवं सेवानिवृत फौजी राज मोहन सिंह, 35 वर्षीय दलित महिला उमरावती देवी, पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखने वाले 30 वर्षीय धनजेय कुमार बिंद, पूर्व मनरेगा मजदूर 45 वर्षीय सीता देवी (45) और पूर्व मनरेगा मजदूर राजू देवी (55) एवं मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 52 वर्षीय मजदूर मोहमुद्दीन अंसारी से मुलाकात की। उनके मुताबिक, इनके नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, जबकि लोकसभा चुनाव में इन्होंने मतदान किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और निर्वाचन आयोग की मिलीभगत इन्हें बहुजन और गरीब होने की सज़ा दे रही है। उन्होंने कहा, हमारे जवानों तक को नहीं छोड़ा - न वोट रहेगा,

## बलिया में विद्यालय परिसर में शिक्षक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**बलिया:** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के गड़वार क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय के परिसर में एक शिक्षक ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गड़वार थाना क्षेत्र के सिंहाचवर गांव में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक रूपेश सिंह (46) ने रविवार रात स्कूल के परिसर स्थित अपने आवास में फांसी लगा ली। थाना प्रभारी राजेश बहादुर ने सोमवार को बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की छानबीन की जा रही है।

## झारखंड के लातेहार में दो नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार (झारखंड):** झारखंड के लातेहार जिले में प्रतिबंधित माओवादी समूह झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो सदस्यों को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नक्सलियों की पहचान आमिन अंसारी (30) और कृष्णा प्रसाद (30) के रूप में हुई है, जिन्हें क्रमश: नवागढ़ और नरेशगढ़ इलाकों में स्थित उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। लातेहार के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया, लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को सूचना मिली कि दो माओवादी अपने घर आए हैं। सूचना के आधार पर एक टीम गठित की गई। टीम ने अंसारी के घर पर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर प्रसाद को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## नीतीश कुमार ने राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार राधाकृष्णन को समर्थन दिया

**पटना:** जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन को अपनी पार्टी का समर्थन देने की सोमवार को घोषणा की। जद(यू), राजग का एक सहयोगी दल है। कुमार ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन जी को राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के निर्णय का स्वागत है। जद (यू) सी.पी. राधाकृष्णन जी का समर्थन करेगी। उन्हें शुभकामनाएं।'

## उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त नहीं, महामाफिया बन गया है: अखिलेश यादव

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाल में जबरन वसूली गिरोह संचालित करने के आरोप में कानपुर में एक वकील गिरफ्तारी का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राज्य सरकार पर सोमवार को भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''उत्तर प्रदेश में भाजपाई भ्रष्टाचार का त्रिकोण- फर्जी 'एनकाउंटर' वाली भ्रष्ट भाजपा सरकार, काली कमाई वाले भाजपा संरक्षित भ्रष्ट अधिकारी, दोनों की करतूतों को छिपाने वाला भ्रष्ट भाजपाई वकील।' उन्होंने कहा, 'हजारों करोड़ कमाने वाले भ्रष्टाचारी को न ड्रोन देख पाया, न दूरबीन में वो नजर आया, मामला भी तब खुला जब आपस में ही रंगदारी का धंधा सामने आया। अब देखते हैं कि इस भाजपाई भू-माफिया के अवैध कब्जों पर बुलडोजर अपने आप चलता है या हमारी इस पोस्ट के प्रकाशित होने के बाद या फिर कोई सबसे बड़ा रंगदार, इन सबसे वसूलकर मामला रफा-दफा कर देगा।' सपा अध्यक्ष ने कहा, 'उत्तर प्रदेश 'माफिया मुक्त' होने का दावा करने वाले अब कहां हैं? सच तो ये है कि उत्तर प्रदेश 'माफिया मुक्त' नहीं हुआ है, बल्कि माफिया किसी एक में समाकर 'महामाफिया' बन गया है।'

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान : मुख्यमंत्री शर्मा ने नगरीय विकास की परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों से नगरीय विकास की परियोजनाओं को समय पर पूरा करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि नियमित निगरानी के साथ गुणवत्तापूर्ण काम पर ध्यान दिया जाए। शर्मा ने सोमवार को नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के सुनियोजित विकास को गति देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश के सुदृढ़ बुनियादी ढांचे को गति मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय विकास से संबंधित परियोजनाओं को समय से पूरा करें। साथ ही, अधिकारी नियमित निगरानी के साथ गुणवत्तापूर्ण काम पर ध्यान दें ताकि जनता को समय से इनका लाभ मिले। आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि शहरों में बुनियादी नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचना, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं आवास संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल अपनी संपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ताओं की जरुरत एवं वर्तमान प्रचलन को ध्यान में रखते हुए काम करें ताकि बोर्ड का राजस्व बढ़े।

### झारखंड: आवासीय विद्यालय के छात्रावास में लगी आग, 25 लड़कियां बाल-बाल बचीं

**लातेहार (झारखंड):** झारखंड के लातेहार जिले में सोमवार सुबह एक आवासीय विद्यालय के छात्रावास के एक कमरे में आग लग गई। इस घटना में कम से कम 25 छात्राएं बाल-बाल बच गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरियातू की इन छात्राओं के बिस्तर और अध्ययन सामग्री आग में जलकर नष्ट हो गईं। सुबह करीब छह बजे आग लगने का पता चला। उन्होंने बताया कि दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया और आग बुझाने में एक घंटे से ज्यादा का समय लगा। बरियातू थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'स्थानीय लोगों और छात्रों ने दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में मदद की। छात्रावास के कमरे में रहने वाली सभी 20 से 25 छात्राएं आग लगने की घटना के दौरान शारीरिक प्रशिक्षण के लिए मैदान में थीं। शुरुआती जांच से पता चलता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।' जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) प्रिंस कुमार ने कहा कि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।



### रांची में पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**रांची:** झारखंड के रांची जिले में पांच वर्षीय बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने को लेकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना राज्य की राजधानी से लगभग 35 किलोमीटर दूर माण्डर पुलिस थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर हुई, जब बच्ची के माता-पिता खेत में काम कर रहे थे। माण्डर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आरोपी भुगलू तिग्गा (40) को रविवार शाम गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पीड़िता की रविवार शाम मेडिकल जांच कराई गयी। कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, बच्ची के माता-पिता खेत में काम करने गए थे और वह (बच्ची) घर के बाहर खेल रही थी। उन्होंने बताया कि आरोपी बच्ची को अकेला पाकर उसके घर के पीछे स्थित एक निर्माणाधीन मकान में ले गया और उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। कुमार ने बताया कि प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने रविवार शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## धनबाद में जमीन धंसने से मकान ढहा, दर्जनों अन्य क्षतिग्रस्त



**धनबाद (झारखंड):** धनबाद जिला मुख्यालय से लगभग 19 किलोमीटर दूर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) क्षेत्र में सोमवार को जमीन धंसने की घटना के बाद एक घर ढह गया और एक दर्जन अन्य घरों में दरारें आ गईं। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना सोमवार तड़के जोगता थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीसीसीएल के मोदीडीह कोलियरी क्षेत्र में स्थित न्यू श्याम बाजार के पास शबरी बस्ती में हुई। अधिकारी ने कहा, यह धंसाव सुबह तीन से चार बजे के बीच हुआ, जिसके कारण एक आवासीय संरचना पूरी तरह ढह गई और लगभग एक दर्जन अन्य घरों में दरारें पड़ गईं। अरुण रजक नामक व्यक्ति का घर उस समय ढह गया जब परिवार सो रहा था। किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है।'' निवासियों ने बताया कि रजक के घर की छत और दीवारें गिरने से पहले तेज़ आवाज़ से उनकी नींद खुल गई। मोदीडीह कोलियरी के परियोजना अधिकारी गोपालजी ने बताया कि प्रभावित परिवार को अस्थायी रूप से मोदीडीह सामुदायिक भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बस्ती से विस्थापित सभी परिवारों को तेतुलमारी क्षेत्र में पुनर्वासित किया जाएगा। घटना के तुरंत बाद घटनास्थल का दौरा करने वाले बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि उन्होंने बीसीसीएल अधिकारियों से मुआवजे के भुगतान में तेजी लाने और पुनर्वास की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी लोगों की फरियाद

**गोरखपुर (उप्र):** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान कई जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी फरियाद सुनीं। मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सबके जीवन में खुशहाली लाने के लिए संकल्पित है और किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी कमजोर वर्ग की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ त्वरित सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। एक बयान के अनुसार जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के



बाहर किया गया और इस दौरान विभिन्न जिलों से आए करीब 200 लोगों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सभी के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में एक महिला ने दबंग द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की जिस पर मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाए।

## राजस्थान के सीकर में कार के खाई में गिरने से दो लोगों की मौत, एक घायल

**जयपुर:** राजस्थान के सीकर जिले में हर्ष पर्वत इलाके में एक कार के 250 फुट गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में एक युवती घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक यह हादसा सोमवार तड़के सीकर के जीण माता थाना इलाके में हुआ। पुलिस ने बताया, कार में तीन लोग सवार थे। हादसे में 22 वर्षीय हर्षित और एक युवती की मौत हो गई। जबकि एक अन्य महिला को गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार हर्ष पर्वत इलाके से गुजरते समय कार अनियंत्रित हो गई और 250 फुट गहरी खाई में गिर गई। कुछ स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने कहा, जीण माता और सदर थाने की दो टीमें, नागरिक सुरक्षा दल के साथ मौके पर पहुंचीं और क्रेन की मदद से कार को निकाला गया।

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

19.08.2025 : जया एकादशी सबका
21.08.2025 : मासिक शिवरात्रि, अघोर चतुर्दशी
23.08.2025 : स्नान-दान की अमावस्या, जैन उत्सव
24.08.2025 : गुरु एवं शुक्र उदय जारी

## इस तरह की कमाई से कभी नहीं मिलती सफलता

एक सुखद और आत्मनिर्भर जीवन के लिए आर्थिक रूप से मजबूत होना आवश्यक है। हर व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बनाने और जरूरतों को पूरा करने के लिए धन अर्जित करता है। लेकिन कुछ लोग कड़ी मेहनत की जगह आसान रास्तों को चुनकर जल्दी अमीर बनना चाहते हैं। ऐसे लोग भले ही थोड़े समय के लिए संपन्न बन जाएं, पर उनका धन टिकता नहीं और वे अक्सर आर्थिक तंगी में फंसे रहते हैं।

आचार्य चाणक्य, जिन्हें महान राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री और कुशल नीतिकार के रूप में जाना जाता है, ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'चाणक्य नीति' में ऐसे लोगों के बारे में बताया है, जिन लोगों के पास धन ज्यादा समय तक नहीं ठहरता, चाहे वे कितना भी कमा लें। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

**श्लोक:**
**अन्यायोपार्जितं द्रव्यं दश वर्षाणि तिष्ठति।**
**प्राप्ते एकादशे वर्षे समूलं च विनश्यति।।**

**अर्थ:** अन्याय या गलत तरीके से अर्जित धन अधिकतम दस वर्षों तक टिकता है, ग्यारहवें वर्ष में वह पूरी तरह नष्ट हो जाता है।

### अनैतिक तरीके से कमाया गया धन

चाणक्य के अनुसार जो धन ईमानदारी से नहीं, बल्कि अनुचित या धोखाधड़ी के माध्यम से अर्जित किया गया हो, वह सिर्फ क्षणिक सुख देता है। ऐसा धन न केवल व्यक्ति की मानसिक शांति छीनता है, बल्कि भविष्य में दुखों का कारण भी बनता है।

### चोरी से अर्जित धन

चोरी या छल-कपट से मिला पैसा कभी स्थायित्व नहीं देता। यह न तो आत्मिक संतोष देता है और न ही सुख-शांति। चाणक्य मानते हैं कि चोरी की कमाई से न केवल स्वयं व्यक्ति का पतन होता है, बल्कि उसके परिवार और वंश को भी इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है।

### धोखे से धन कमाने वालों का भविष्य

अगर कोई व्यक्ति दूसरों को धोखा देकर धन कमाता है, तो उसका सम्मान धीरे-धीरे समाप्त हो जाता है। समाज ऐसे लोगों को तिरस्कृत करता है। उनके संबंध खराब होते हैं और वह कर्ज तथा मानसिक तनाव से घिर जाता है।

## कब मनाई जाएगी हरतालिका तीज? जानें तिथि, मुहूर्त, पूजा विधि और महत्व



हरतालिका तीज हिंदू धर्म में आस्था, प्रेम और समर्पण का प्रतीक पर्व है, जिसे भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा विधि-विधान से करती हैं। यह पर्व खासतौर पर सुहागिन महिलाओं और कुंवारी कन्याओं के लिए महत्व रखता है। सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र, वैवाहिक जीवन में सुख-शांति और समृद्धि के लिए यह व्रत करती हैं, जबकि अविवाहित कन्याएं योग्य और मनचाहा जीवनसाथी पाने की कामना से उपवास रखती हैं।

हरितालिका तीज का व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है, क्योंकि इसमें व्रती महिलाओं को पूरे 24 घंटे निर्जल रहकर उपवास करना होता है। इस दिन प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण किए जाते हैं और मिट्टी से गौरी-शंकर की प्रतिमा बनाकर पूजा की जाती है। व्रत के दौरान कथा सुनना, भजन-कीर्तन करना और रात्रि जागरण की परंपरा भी निभाई जाती है। यह पर्व नारी शक्ति, तपस्या और ईश्वर भक्ति का अनुपम उदाहरण है।

### हरितालिका तीज व्रत की तिथि

इस वर्ष हरितालिका तीज का व्रत 26 अगस्त 2025 को रखा जाएगा। तृतीया तिथि की शुरुआत 25 अगस्त को दोपहर 12:34 बजे से होगी और इसका समापन 26 अगस्त को दोपहर 1:54 बजे होगा। उदया तिथि (सूर्योदय के समय जो तिथि हो) को मान्यता दी जाती है, इसलिए व्रत 26 अगस्त को रखा जाएगा।

### हरितालिका तीज व्रत पूजन विधि

- प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और साफ, स्वच्छ कपड़े पहनें।
- उमामहेश्वरसायुज्य सिद्धये हरितालिका व्रतमहं करिष्ये मंत्र का उच्चारण कर व्रत का संकल्प लें।
- घर के पूजा स्थल की सफाई करें और पूजा के लिए चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाएं।
- चौकी पर शिव-पार्वती और गणेश जी की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें।
- गौरी-शंकर की मिट्टी की प्रतिमा बनाएं और उन्हें पूजन में शामिल करें।
- महिलाएं 16 श्रृंगार करें और पूजा में धूप, दीप, चंदन, अक्षत, फूल, फल, पान, सुपारी, कपूर, नारियल, बेलपत्र, शमी पत्र आदि आवश्यक सामग्री रखें।
- कलश में जल भरें, आम के पत्ते रखें और ऊपर नारियल रखकर कलश स्थापना करें ।
- शिव परिवार को गंगाजल से स्नान कराएं, फिर धूप-दीप जलाकर पूजा करें और आरती करें।
- हरितालिका तीज की कथा सुनें और रात्रि में भजन-कीर्तन तथा जागरण करें।
- अगले दिन सुबह माता पार्वती को सिंदूर चढ़ाकर व्रत का पारण करें।

### हरतालिका तीज व्रत महत्व

हरतालिका तीज व्रत का धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत विशेष महत्व है। यह व्रत विशेष रूप से महिलाओं द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती के पावन मिलन की स्मृति में किया जाता है। इस दिन महिलाएं पूर्ण श्रद्धा से व्रत रखती हैं, जिसमें अन्न और जल का त्याग कर दिनभर उपवास किया जाता है। रात्रि में जागरण करके शिव-पार्वती की कथा सुनी जाती है और उनकी विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। सुहाग की वस्तुएं माता पार्वती को अर्पित की जाती हैं और महादेव को वस्त्र व अन्य पूजन सामग्री समर्पित की जाती है।

इस व्रत का महत्व यह है कि कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की प्राप्ति की कामना से यह व्रत करती हैं, जबकि विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य के लिए इसे निभाती हैं। ऐसा माना जाता है कि सोलह श्रृंगार कर माता पार्वती की पूजा करने से वे अति प्रसन्न होती हैं और साधक पर अपनी विशेष कृपा बनाए रखती हैं, जिससे वैवाहिक जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

## कहां नहीं है पुनर्जन्म का उल्लेख

सीतेश कुमार द्विवेदी

हिन्दू धर्म में कर्म के सिद्धांत पर जोर दिया गया है। जैसा कर्म, वैसा फल कहा गया है, अतएव हमें सत्कर्म करना चाहिए। कर्मों के अनुसार ही अगला जन्म मिलता है। एक के बाद दूसरा जन्म मिलता है। इस पुनर्जन्म की धारणा के अनेक पक्षधर हैं। विश्व भर में अनेक घटनाएं सामने आती हैं। मात्रा एक दो धर्म विश्व में ऐसे हैं जो पुनर्जन्म को नहीं मानते।


यह पुनर्जन्म का सिद्धांत भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी देन है। भारतीय धर्मग्रंथों ने आत्मा अमर है, इसको हर जगह व्याख्यायित किया है। सबको अपने पूर्वजन्म की स्मृति याद नहीं रहती पर मात्रा इसके कारण इस पुनर्जन्म की धारणा को अप्रमाणिक नहीं कहा जा सकता।

पुनर्जन्म को पुष्ट करने वाली अनेक घटनाएं विश्व भर में सप्रमाण सामने आती रहती हैं। पाश्चात्य देशों ने ऐसी घटनाओं की जांच पड़ताल कर उसे सही पाया है। चकित कर देने वाले तथ्य भी सामने आए हैं।

हिन्दू धर्म में पुनर्जन्म के कुछ कारण बताए गये हैं यथा भगवान की आज्ञा से, पुण्यक्षय हो जाने से, पुण्य का फल भोगने के लिए, पाप का फल भोगने के लिए, बदला लेने के लिए, बदला चुकाने (प्रत्युपकार करने) के लिए, अकाल मृत्यु हो जाने पर, अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के लिए आदि। स्मृति सहित जो पुनर्जन्म की घटनाएं सामने आती हैं, वे यही प्रमाणित करती हैं।

गीता, कठोपनिषद, मुण्डकोपनिषद, वृहदारण्य कोपनिषद, ईशावास्योपनिषद, चाणक्य सूत्रा आदि ग्रंथ इससे भरे हैं। ज्ञानापवि, महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक, जर्मन ऋषि शोपेनहावर, स्वेट मार्डेन, सुकरात, महाकवि गेटे, दीवानचंद, पं गिरीधर शर्मा चतुर्वेदी, पं आत्मानंद, गंगाप्रसाद उपाध्याय, डॉ सहगल, एमार्तन, संत तुलसीदास, कालिदास आदि ने अपने लेखन के माध्यम से पुनर्जन्म की धारणा का पक्ष लेते उस पर विस्तृत व्याख्या कर प्रकाश डाला है।

उपरोक्त महापुरूषों के अनुसार वस्त्रा की भांति आत्मा उसके विकल्प में दूसरा शरीर ढूंढ लेती है। पुराने कपड़े की भांति पुराना शरीर छोड़ देती है।



पैदा हुए की मृत्यु और मरे हुए का जन्म निश्चित है। शरीर की प्रकृति मृत्यु और उसकी विकृति जन्म है। पूर्व में जन्म के लेखा-जोखा अनुसार मनुष्य दूसरा शरीर प्राप्त कर लेता है। आत्मा एक चेतन तत्व है। जो एक देह से दूसरा देह ढूंढती रहती है।

### पुनर्जन्म सिद्धांत की व्यापकता

- हिन्दू धर्म के सभी ग्रंथ पुनर्जन्म के सिद्धांत को मानते एवं प्रतिपादित करते हैं।
- बौद्ध और जैन दर्शन भी इसे स्वीकारते हैं।
- प्राचीन मिश्र में भी इस सिद्धांत को माना जाता था।
- यूनान के सभी प्रमुख प्राचीन दार्शनिक इससे सहमत थे।
- रोमन भी इसे स्वीकारते थे जो वहां की प्राचीन रचनाओं में वर्णित है।
- पुराने यूरोप की सभी जातियों में पुनर्जन्म पर विश्वास किया जाता था।
- अमेरिका के रेड इंडियन, जापानी, चीनी, तिब्बती, बर्मी लोग भी इसे मानते हैं।
- मैक्सिको में यह विश्वास प्राचीन काल से प्रचलित है।
- सीरियन भी पुनर्जन्म पर विश्वास रखते हैं।
- विश्व के सभी प्राचीन विचारक, दार्शनिक एवं लेखकों ने पुनर्जन्म की धारणा को पुष्ट करते उसके पक्ष में लिखा है।
- मैक्समूलर ने भी उस सिद्धांत को माना है।
- यहूदी भी प्राचीन काल से इस पर सहमत हैं।
- ईसा मसीह ने इसे स्वीकारते हुए शिष्यों से कहा था -'जान बैपटिस्ट वस्तुतः एलिजा है।
- मात्रा इस्लाम के अतिरिक्त सभी धर्म एवं मत किसी न किसी रूप में पुनर्जन्म को मानते हैं।
- विश्व की सभी प्रमुख प्राचीन रचनाएं उसके पक्ष में किए गए उल्लेखों से भरी पड़ी है। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### मुंबई हवाई अड्डे पर 8.56 करोड़ रुपये मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद, दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई में सीमा शुल्क विभाग ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 8.56 करोड़ रुपये मूल्य के 8.5 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक वीड' (एक प्रकार का गांजा) की बरामदगी के साथ दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डा आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने शनिवार को बैंकॉक से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे दो यात्रियों को रोका। अधिकारी ने बताया कि इस प्रतिबंधित नशीले पदार्थ को ट्रॉली बैग के अंदर छिपाकर रखा गया था। उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ पर रोकथाम संबंधी 'एनडीपीएस' कानून के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 23% जनधन खाते निष्क्रिय : सरकार

**उदयपुर :** नयी दिल्ली : वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि कुल 56.04 करोड़ प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों में से 23 प्रतिशत निष्क्रिय हैं। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 31 जुलाई 2025 के अंत तक 56.03 करोड़ पीएमजेडीवाई खातों में से 13.04 करोड़ खाते निष्क्रिय हैं। मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 2.75 करोड़ निष्क्रिय जन धन खाते हैं, इसके बाद बिहार में 1.39 करोड़ और मध्यप्रदेश में 1.07 करोड़ ऐसे खाते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 18 फरवरी 2009 के दिशानिर्देशों के अनुसार, यदि किसी बचत खाते में दो साल से अधिक समय तक कोई लेनदेन नहीं होता है, तो उसे निष्क्रिय माना जाना चाहिए। सरकार ने पीएमजेडीवाई खातों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) सहित कई कदम उठाए हैं। ये लाभ निष्क्रिय खातों में भी हस्तांतरित किए जाते हैं।

### असम में 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके

**गुवाहाटी :** असम के नागांव में सोमवार को 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए, यह सातवीं बार है जब इस माह राज्य में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जबकि जिले में तीसरी बार भूकंप के झटके आए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई। भूकंप दोपहर 12 बजकर नौ मिनट पर आया और यह 35 किलोमीटर की गहराई पर था।

### एअर इंडिया ने तकनीकी खामी के कारण ज्यूरिख-दिल्ली उड़ान रद्द की

**मुंबई :** एअर इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसने 17 अगस्त की अपनी ज्यूरिख-दिल्ली उड़ान तकनीकी कारणों की वजह से रद्द कर दी। हालांकि, विमान में सवार एक यात्री ने बताया कि उड़ान भरने से ठीक पहले इंजन में समस्या आने के कारण इस सेवा को रद्द किया गया। कुछ दिनों पहले ही टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस विमानन कंपनी ने कहा था कि उसने अपने बोइंग 787 विमान बेड़े का गहन ''निरीक्षण'' किया और उसे कोई समस्या नहीं मिली।

# 2040 में भारतीय अंतरिक्ष यात्री चांद पर उतरेगा: जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली :** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर लोकसभा में सोमवार को विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि ''2040 में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर उतरेगा।'' सिंह ने भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा पर सदन में चर्चा के दौरान यह टिप्पणी की। सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे पुन: आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका' विषय पर विशेष चर्चा प्रारंभ कराई। बिरला ने कहा, ''उनकी (शुभांशु शुक्ला की) अंतरिक्ष यात्रा और



सफल वापसी केवल एक मिशन की सफलता नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है।'' विपक्षी दलों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा, ''एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री 2040 में चांद की सतह पर उतरेगा।'' उन्होंने कहा कि इससे 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की सिद्धि होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री सिंह ने यह भी कहा कि भारत 2026 में रोबोट 'व्योममित्र' के साथ एक मानवरहित अंतरिक्ष मिशन शुरू करेगा, जिसके बाद 2027 में गगनयान को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा तथा देश 2035 में अपना 'भारत अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करेगा। उन्होंने इस दौरान शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा, ''यह कहते हुए बहुत पीड़ा महसूस हो रही है कि जब मुल्क में जश्न का माहौल है और देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में उपलब्धियों का उत्सव मना रहा है, विपक्ष अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को भी बधाई देने को तैयार नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''आपकी नाराजगी सरकार के साथ हो सकती है। भाजपा और राजग के साथ हो सकती है। लेकिन हैरत है कि आपकी नाराजगी एक अंतरिक्ष यात्री, गगनयान यात्री के प्रति भी है।'' सिंह ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों की ओर इशारा करते हुए कहा, ''आप धरती से नाराज हैं, आकाश से भी नाराज हैं और आज अंतरिक्ष से भी नाराज दिख रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''विपक्ष का प्रदर्शन अपने प्रति नाराजगी का इजहार है क्योंकि वह अपने हर मंसूबे में विफल है। उनकी कोई बात नहीं बन पा रही।'' उन्होंने कहा, ''एक चिकित्सक होने के नाते मैं (विपक्ष की) यह मन: स्थिति समझ सकता हूं। यह नाराजगी उस समय होती है, जब व्यक्ति हताश होता है। और यह नाराजगी किसी और से नहीं, अपने आप से होती है।'' मंत्री ने शुभांशु शुक्ला के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां किये गए प्रयोगों में ''स्वदेश विकसित किट'' उपयोग की गई और आत्मनिर्भर भारत के मंत्र का पालन इन्हीं प्रयोगों से हुआ।

### दिल्ली के 32 विद्यालयों को मिली बम की धमकी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के कम से कम 32 विद्यालयों को सोमवार को बम की धमकी मिली, जिससे दहशत फैल गई और छात्रों को परिसर से बाहर निकालकर जांच करनी पड़ी। हालांकि, बाद में गहन जांच के बाद ये धमकी झूठी साबित हुईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि सुबह 7.30 बजे से अपराह्न 12.25 बजे के बीच उसे 32 विद्यालयों में बम की धमकी देने वाले ई-मेल आने की सूचना प्राप्त हुई। अधिकारियों के मुताबिक सूचना के आधार पर त्वारित कार्रवाई की गई और बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों के साथ दिल्ली पुलिस की कई टीमें विद्यालयों के परिसरों में पहुंचीं। पुलिस द्वारा यह पुष्टि किए जाने से पहले कि धमकियां फर्जी थीं, प्रत्येक परिसर में गहन तलाशी अभियान चलाया गया। एक अधिकारी ने बताया, ''तलाशी अभियान पूरा हो गया है और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।''

## राजग की तरफ से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) गठबंधन द्वारा उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के एक दिन बाद हुई है। वह राजग की विभिन्न बैठकों में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे और कई नेताओं से मुलाकात की। मुलाकात के तुरंत बाद मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सी. पी. राधाकृष्णन जी से मुलाकात की। राजग की तरफ से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। जनसेवा के लंबे अनुभव और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता हमारे देश को समृद्ध बनाएगी। वह पहले की तरह ही समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ देश की सेवा करते रहें।'' राधाकृष्णन 20 अगस्त को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। मंगलवार को राजग संसदीय दल की बैठक में उन्हें सम्मानित किए जाने की उम्मीद है।

## भाजपा ने विपक्ष को दी विधानसभा भंग करने की चुनौती

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को चुनौती दी है कि यदि उन्हें निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर संदेह है तो वे उन राज्यों की विधानसभाओं को भंग करें, जहां वे सत्ता में हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस, तृणमूल और अन्य विपक्षी दल बिहार में एसआईआर का विरोध केवल घुसपैठियों को बचाने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जैसे नेता, जो खुद भ्रष्टाचार मामलों में जमानत पर हैं, संवैधानिक संस्थाओं पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और तृणमूल देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं और भारत को बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं। पात्रा ने तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा के लोकसभा भंग करने की मांग पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा नहीं है तो बंगाल और तेलंगाना की विधानसभाएं पहले भंग की जानी चाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में एसआईआर मामले पर सुनवाई लंबित है और अदालत ने इसे नहीं रोका है। ऐसे में विपक्षी दलों का विरोध केवल राजनीतिक लाभ उठाने और संसद की कार्यवाही ठप करने की कोशिश है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें शीर्ष केंद्रीय मंत्री, सचिव और अर्थशास्त्री शामिल थे। इस बैठक में अगली पीढ़ी के सुधारों के मसौदे पर विचार-विमर्श किया गया, जो उनके स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में की गई प्रमुख घोषणाओं में से एक थी। इस बैठक में विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष नौकरशाहों और अर्थशास्त्रियों के अलावा केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, शिवराज सिंह चौहान, पीयूष गोयल और ललन सिंह शामिल हुए। मोदी ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अगली पीढ़ी के सुधारों के खाके पर चर्चा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। हम सभी क्षेत्रों में त्वरित सुधारों के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे जीवन सुगमता, व्यवसाय सुगमता और समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।'' प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में 'अगली पीढ़ी के सुधारों' और जीएसटी कानूनों में संशोधन के लिए एक कार्यबल बनाने की घोषणा की थी।

## राज्यसभा में एसआईआर मुद्दे पर गतिरोध जारी : विपक्ष ने किया सदन से बहिर्गमन




**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में सोमवार को कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने एसआईआर और निर्वाचन आयोग के बारे में बोलने की अनुमति नहीं मिलने पर सदन से बहिर्गमन किया, वहीं सत्ता पक्ष की ओर से दावा किया गया कि विपक्ष की रुचि चर्चा में ही नहीं है और वह केवल अराजकता और अवरोध चाहता है। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दोपहर दो बजे के बाद आसन की अनुमति से व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि लोगों को मतदान का अधिकार संविधान ने दिया है और किसी को भी यह अधिकार नहीं है कि वह लोगों के मताधिकार को छीन सके। उन्होंने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) एवं निर्वाचन आयोग के बारे में कई बातें कहीं किंतु पीठासीन अध्यक्ष सस्मित पात्रा ने कहा कि यह मामला न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है, इसलिए इसे सदन में नहीं उठाया जाना चाहिए। पीठासीन अध्यक्ष ने खरगे की इन दोनों मुद्दों से जुड़ी बातों को सदन की कार्यवाही से बाहर करने का आदेश दिया। इसके बाद आसन की अनुमति से बोलते हुए सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार पहले ही कह चुकी है कि नियमों के तहत जिस भी विषय पर चर्चा करायी जा सकती है, उसे कराने के लिए वह तैयार है।

## डीआरआई ने अवैध मेफेड्रोन विनिर्माण कारखाने का भंडाफोड़ किया

**नयी दिल्ली :** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने भोपाल में मादक पदार्थ तैयार करने के कारखाने का भंडाफोड़ करके 92 करोड़ रुपये मूल्य का 61.2 किलोग्राम मेफेड्रोन नामक मादक पदार्थ जब्त किया तथा इस सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई के अधिकारियों ने एक विशिष्ट खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए ''ऑपरेशन क्रिस्टल ब्रेक'' नामक एक अभियान का समन्वय किया और गुप्त रूप से संचालित मेफेड्रोन विनिर्माण कारखाने का भंडाफोड़ किया। इस ऑपरेशन के दौरान सूरत और मुंबई पुलिस ने भी डीआरआई का सहयोग किया। डीआरआई ने मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापेमारी की और इससे जुड़े सात प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया। मध्यप्रदेश के हुजूर तहसील के ग्राम-जगदीशपुर (इस्लामनगर) में 16 अगस्त को अवैध विनिर्माण सुविधा की तलाशी ली गई और वहां से 61.20 किलोग्राम मेफेड्रोन (तरल रूप में) बरामद किया गया, जिसका बाजार मूल्य 92 करोड़ रुपये आंका गया है। इसके अलावा, वहां से 541.53 किलोग्राम कच्चा माल भी जब्त किया गया है, जिसमें मेथीलीन डाइक्लोराइड, एसीटोन, मोनोमेथिलमाइन (एमएमए), हाइड्रोक्लोरिक एसिड (एचसीएल) और 2-ब्रोमो शामिल हैं। प्रारंभिक जांच से यह भी पता चला है कि हवाला के जरिए सूरत और मुंबई से भोपाल में धनराशि स्थानांतरित की जा रही थी।

## संसद ने भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को मंजूरी दी; बंदरगाहों के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान



**नयी दिल्ली :** संसद ने सोमवार को बंदरगाह क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों वाले भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी तथा केंद्रीय पत्तन परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पाने में बंदरगाह क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने में इस प्रस्तावित कानून की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। राज्यसभा में इस विधेयक पर चर्चा और मंत्री सोनोवाल के जवाब के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। चर्चा के दौरान कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्य उच्च सदन में मौजूद नहीं थे। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक के पारित होने के बाद सदन की बैठक अपराह्न चार बजकर 15 मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। इस विधेयक पर चर्चा शुरू होने के समय कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दे पर चर्चा कराने की अनुमति नहीं मिलने के विरोध में सदन से वाकऑउट किया। सोनोवाल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक तटीय राज्यों, उद्योग से जुड़े हितधारकों और जनता के साथ व्यापक परामर्श का परिणाम है, जो सहकारी संघवाद की भावना को भी दर्शाता है।

## वित्त वर्ष 2024-25 में 2,600 किलोग्राम सोना जब्त किया गया : सरकार

**नयी दिल्ली** : सरकार ने सोमवार को संसद को सूचित किया कि प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 2024-25 में 3,005 मामलों में जब्त किए गए सोने की मात्रा इससे पहले के साल की तुलना में आधी से भी ज्यादा घटकर 2,600 किलोग्राम रह गई है। वर्ष 2023-24 में तस्करी के 6,599 मामलों में लगभग 4,972 किलोग्राम सोने की जब्ती की गई जो अपने उच्चतम स्तर पर थी। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले 10 वर्षों में सोने के आयात और तस्करी किए गए सोने की जब्ती का विवरण दिया। वित्त वर्ष 2023 में, 4,343 किलोग्राम सोना जब्त किया गया, जबकि वित्त वर्ष 2022 और वित्त वर्ष 2021 में यह जब्ती क्रमशः 2,172 किलोग्राम और 1,944 किलोग्राम रही। मूल्य के लिहाज से सोने का आयात 2024 में 58 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो 2023 के 42.58 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा है। 2022 में इस कीमती पीली धातु का आयात 36.59 अरब अमेरिकी डॉलर का रहा, जबकि 2021 में यह 55.78 अरब अमेरिकी डॉलर था।उन्होंने कहा, ''आज आपके पास जिस तरह की मिसाइलें और उनकी मारक क्षमता है, सब कुछ पहुंच के दायरे में है। हम महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और अनुसंधान में आगे हैं।'' पूर्व सैन्य कर्मी ने कहा कि परिवर्तन का एक बड़ा हिस्सा यह है कि जो भी उस प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाला है, उसे निपुण होना चाहिए।

## सैन्य प्रशिक्षण के दौरान दिव्यांगता कैडेट के लिए बाधक नहीं बने, उन्हें बीमा कवर दें : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह चाहता है कि देश के रक्षा बलों में ऐसे बहादुर कैडेट शामिल हों, जिनकी सैन्य प्रशिक्षण के दौरान चोट या दिव्यांगता उनके लिए किसी भी प्रकार की बाधा नहीं बने। इसके साथ ही न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह ऐसी आपात स्थितियों के लिए उन्हें बीमा कवर प्रदान करने की संभावना तलाशे। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान दिव्यांग होने के कारण चिकित्सा आधार पर सैन्य संस्थानों से बाहर कर दिए गए कैडेट की परेशानी पर स्वत: संज्ञान लेते हुए सोमवार को इस मामले में केंद्र और रक्षा बलों से जवाब मांगा। पीठ ने कहा, ''हम चाहते हैं कि ये बहादुर कैडेट सेना में शामिल हों। हम नहीं चाहते कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के बाद प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इन कैडेट के लिए चोट या दिव्यांगता किसी भी प्रकार की बाधा बने।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र को विभिन्न सैन्य संस्थानों में कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेट को मृत्यु या विकलांगता की किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए समूह बीमा जैसा बीमा कवर देने की संभावना तलाशनी चाहिए। पीठ ने कहा, ''अगर आप उन्हें बीमा कवर देते हैं, तो सरकार पर नहीं बल्कि बीमाकर्ता पर वित्तीय बोझ पड़ेगा। हर प्रशिक्षु कैडेट का बीमा होना चाहिए क्योंकि जोखिम बहुत ज्यादा है। बहादुर लोगों को सेना में आना चाहिए। अगर उन्हें बेसहारा छोड़ दिया गया, तो वे निराश हो जाएंगे।'' पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से भी कहा कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग हुए कैडेट की चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा 40,000 रुपये की एकमुश्त अनुग्रह राशि को बढ़ाने के निर्देश मांगें।

## हैदराबाद में जन्माष्टमी के पर्व पर शोभा यात्रा के दौरान पांच लोगों की करंट लगने से



**हैदराबाद :** हैदराबाद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर शोभा यात्रा के दौरान एक वाहन ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ गया जिससे पांच लोगों की करंट लगने से मौत हो गई और चार अन्य झुलस गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार देर रात लगभग डेढ़ बजे रामंथपुर में उस समय हुई जब शोभा यात्रा के दौरान भगवान कृष्ण की मूर्ति वाले वाहन को निकाला जा रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रथ के रूप में सजाए गए इस वाहन का ईंधन खत्म हो गया और नौ लोग इसे धक्का दे रहे थे तभी एक टूटा हुआ तार वाहन पर रखी भगवान की मूर्ति के चारों ओर लगे पीतल के ढांचे के संपर्क में आ गया जिससे करंट लगने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई।

## किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना: भारी बारिश के बावजूद लापता लोगों की तलाश पांचवें दिन भी जारी



**चिशोती (जम्मू कश्मीर) :** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से प्रभावित सुदूरवर्ती गांव में मलबे में दबे लोगों का पता लगाने का अभियान सोमवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। भारी बारिश और दुर्गम इलाकों में बचाव दल ने लापता लोगों का पता लगाने के लिए सोमवार को भी बड़े पैमाने पर तलाश अभियान जारी रखा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेनकोट पहने बचाव दल के कर्मी कई स्थानों पर खासकर लंगर (सामुदायिक रसोई) स्थल के पास भारी बारिश के बावजूद काम करते देखे गए। बचाव दल जेसीबी मशीन और अन्य मशीनों का उपयोग करके मलबे को हटाते दिखे। मचैल माता मंदिर के मार्ग में वाहन से पहुंचने योग्य गांव चिशोती में 14 अगस्त को बादल फटने से 61 लोग मारे गए। मरने वालों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तीन कर्मी और एक विशेष पुलिस अधिकारी शामिल हैं। इस घटना में 100 से अधिक लोग घायल हो गए। सूची में नए सिरे से संशोधन के बाद लापता लोगों की संख्या लगभग 50 बताई गई है।

# बारिश से कई राज्यों में तबाही, महाराष्ट्र में 200 से अधिक लोग फंसे, किश्तवाड़ में मरने वालों की संख्या 63 हुई

**नयी दिल्ली/मुंबई :** भारी बारिश ने सोमवार को कई राज्यों में कहर बरपाया। सबसे ज्यादा प्रभावित महाराष्ट्र रहा, जहां बारिश के कारण 200 से अधिक लोग फंस गए थे और पांच के लापता होने की खबर है। बिगड़े हालात को देखते हुए अधिकारियों को बचाव कार्यों के लिए सेना की मदद लेनी पड़ी। वहीं हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण करीब 400 सड़कें बंद हो गईं। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित गांव में मलबे से दो और शव बरामद किए गए, जिससे 14 अगस्त की आपदा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 63 हो गई। रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद तलाशी अभियान पांचवें दिन भी जारी रहा। मुंबई में लगातार बारिश की वजह से शहर थम सा गया, जिसके चलते बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएससी) को मंगलवार को विद्यालय और कॉलेज में छुट्टी घोषित करनी पड़ी। देश की आर्थिक राजधानी के कई हिस्सों में सोमवार को नौ घंटों में 100 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई। मुंबई में लगातार बारिश के कारण जलभराव से प्रभावित चेंबूर के एक अस्पताल में भर्ती होने वालों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

### मुंबई की जलमग्न सड़क पर स्कूल बस में फंसे छह बच्चों सहित आठ लोगों को बचाया गया



**मुंबई :** मुंबई में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण माटुंगा क्षेत्र में एक स्कूल बस जलमग्न सड़क पर फंस गई। बस में छह बच्चे और दो स्टाफ सवार थे जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में पुलिसकर्मी कमर से भी ऊपर तक भरे हुए पानी में बच्चों को अपनी पीठ पर ले जाते हुए नजर आ रहे हैं। मुंबई के पुलिस आयुक्त देवेन भारती और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने पुलिस के इस प्रयास की तारीफ की। उक्त स्कूल ने लगातार बारिश के कारण आधे दिन के अवकाश की घोषणा की थी, जिसके बाद बस चालक बच्चों और कर्मचारियों को ले जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि बच्चों को सुरक्षा कारणों से माटुंगा थाने ले जाया गया। पुलिस आयुक्त भारती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज माटुंगा पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना करें। भारी बारिश के बीच, टीम ने किंग्स सर्कल के पास स्कूल बस में फंसे बच्चों के सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें अपने माता -पिता के पास पहुंचाया। उन्होंने जिस तरह विवेक और समर्पण से कार्रवाई की, यह मुंबई पुलिस की भावना को दर्शाती है।''

## अगर यात्री घंटों जाम में फंसा रहता है, तो वह टोल क्यों दे : न्यायालय ने पूछा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से पूछा कि अगर केरल के त्रिशूर में 65 किलोमीटर लंबे राजमार्ग को तय करने में 12 घंटे लगते हैं, तो किसी यात्री को 150 रुपये के टोल (शुल्क) का भुगतान करने के लिये क्यों कहा जाए। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने यह टिप्पणी एनएचएआई और टोल वसूलने का अधिकार रखने वाली कंपनी 'गुरुवायूर इंफ्रास्ट्रक्चर' द्वारा दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए की। याचिका में त्रिशूर के पलियेक्कारा टोल प्लाजा पर टोल संग्रह पर रोक लगाने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। सीजेआई ने कहा, ''अगर



किसी व्यक्ति को सड़क के एक छोर से दूसरे छोर तक जाने में 12 घंटे लगते हैं, तो उसे 150 रुपये क्यों देने चाहिए? जिस सड़क पर एक घंटे का समय लगने की उम्मीद है, उसमें 11 घंटे और लगते हैं और उन्हें टोल भी देना पड़ता है।'' सुनवाई के दौरान पीठ को सप्ताहांत में इस मार्ग पर लगभग 12 घंटे तक यातायात जाम रहने की जानकारी दी गई। उच्च न्यायालय ने छह अगस्त को राष्ट्रीय राजमार्ग 544 के एडापल्ली-मन्नुथी खंड की खराब स्थिति और निर्माण कार्यों के कारण उत्पन्न गंभीर यातायात जाम के आधार पर टोल निलंबन का आदेश दिया था। एनएचएआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और टोल वसूल करने का अधिकार रखने वाली कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा, ''हम हर पहलू पर विचार करेंगे, आदेश सुरक्षित रखेंगे।''

# एशिया कप: शीर्ष क्रम से लेकर गेंदबाजी विभाग तक, हर स्थान के लिए कई दावेदार

## चयनकर्ताओं के सामने गंभीर समस्या




**नयी दिल्ली :** एशिया कप के लिए भारतीय टीम के घोषित होने का इंतजार सभी को है। माना जा रहा है मंगलवार को राष्ट्रीय चयन समिति अगले महीने होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। चयनकर्ताओं के सामने इस बार गंभीर समस्या है क्योंकि लगभग हर स्थान के लिए कई दावेदार मौजूद हैं। एक बड़ा सवाल जो सभी के जेहन में है वो यह कि शानदार फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल किस तरह टी20 टीम में फिट बैठ पाएंगे? मौजूदा परिस्थितियों में टेस्ट कप्तान गिल जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया था, वह एशिया कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए फिट नहीं बैठ रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि गिल का नौ से 28 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए जगह बना पाना मुश्किल है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए विचार-विमर्श का मुख्य मुद्दा यह होगा कि किसी ऐसी चीज को कैसे ठीक किया जाए जिसे सुधारने की आवश्यकता नहीं है।

### शीर्ष क्रम में ही छह दावेदार

भारतीय क्रिकेट में फिलहाल टी20 के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है क्योंकि कम से कम 30 ऐसे खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं। एक ही स्थान के लिए तीन से चार विकल्प मौजूद हैं। शीर्ष तीन स्थान के लिए छह खिलाड़ी मौजूद हैं। पिछले सीजन अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन साथ ही गिल, यशस्वी जायसवाल और आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले साई सुदर्शन भी कम नहीं हैं।

### स्पिन आक्रमण के लिए किसे मिलेगा मौका?

गेंदबाजी विभाग में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई एक ही स्थान के लिए दावेदारों में शामिल हैं और लंबे समय तक युजवेंद्र चहल को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। चयनकर्ताओं को सिर्फ 15 खिलाड़ी ही चुनने हैं और टी20 के लिहाज से यह देखना दिलचस्प होगा कि चयन समिति क्या फैसला लेती है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से प्लेइंग-11 में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना अनुचित होगा।

### टी20 कप्तान के रूप में बेहतर है सूर्यकुमार का रिकॉर्ड

दूसरा विकल्प यह है कि भारतीय क्रिकेट में सभी प्रारूप के लिए एक कप्तान रहना हमेशा से बड़ा मार्केटिंग ब्रांड रहा है। इस स्थिति में गिल दावेदार हो सकते हैं, लेकिन यह मामला उतना भी आसान नहीं है जितना सोचा जा रहा है। रोहित शर्मा के टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारतीय टी20 टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है और उसका जीत का प्रतिशत 85 फीसद रहा है। सूर्यकुमार की कप्तानी में टीम ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इन सभी मैचों में गिल और यशस्वी शामिल नहीं रहे हैं।

### गिल के लिए कौन करेगा 'त्याग'?

टेस्ट को प्राथमिकता देने से पहले गिल टी20 टीम के उपकप्तान भी थे। लेकिन बाद में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को उपकप्तानी का जिम्मा सौंपा गया और वह भरोसा पर खरे भी उतरे। हालांकि उन्हें दीर्घकालिक नेतृत्व का उम्मीदवार नहीं माना जाता है। अगर गिल को उपकप्तानी मिलती है तो यह अक्षर के लिए सही बात नहीं होगी। अगर मंगलवार को चयनकर्ता 15 सदस्यीय टीम में गिल का चयन करते हैं तो उन्हें प्लेइंग-11 में भी रखा जाएगा। ऐसे में सैमसन, अभिषेक और तिलक में से किसी एक को अपने बल्लेबाजी स्थान में बदलाव करना होगा। इतना ही नहीं गिल को टीम में शामिल करने से रिंकू सिंह को बाहर रखना होगा।

### गेंदबाजी विभाग में भी रहेगी चुनौती

जसप्रीत बुमराह के उपलब्ध रहने और हार्दिक पांड्या के पहली पसंद होने से इन दोनों का शामिल होना तो तय है, जबकि अर्शदीप सिंह भी तेज गेंदबाजी विभाग के लिए अपने आप ही विकल्प बन जाते हैं। रिजर्व तेज गेंदबाज स्थान के लिए तीन विकल्प हैं। हर्षित राणा दावेदार हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज को लाल गेंद के क्रिकेट का विशेषज्ञ माना जाता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज दो अक्तूबर से शुरू हो रही है, इसलिए समझा जा रहा है कि अपेक्षाकृत कमजोर मेहमान टीम के खिलाफ बुमराह की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि प्रसिद्ध और सिराज तरोताजा और खेलने के लिए तैयार होंगे।

### विकेटकीपर और फिनिशर की दौड़ भी दिलचस्प

नीतीश कुमार रेड्डी और ऋषभ पंत अभी चोट से उबरे नहीं हैं, ऐसे में हार्दिक के बाद शिवम दुबे दूसरे तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हो सकते हैं। दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल के बीच प्रतिस्पर्धा होगी। आईपीएल 2025 के दौरान जितेश ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह निभाई थी और वह निचले क्रम के लिए सही विकल्प हो सकते हैं।

# एशियाई निशानेबाजी: पुरुष एयर पिस्टल टीम को रजत, कपिल ने जीता जूनियर स्वर्ण



**शिमकेंट (कजाखस्तान) :** भारत ने एशियाई चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में पदक तालिका का आगाज़ पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक से किया। अनमोल जैन (580), आदित्य मालरा (579) और सौरभ चौधरी (576) की तिकड़ी ने कुल 1,735 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। चीन ने 1,744 अंकों के साथ स्वर्ण और ईरान ने 1,733 अंकों से कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत वर्ग में अनमोल जैन फाइनल तक पहुंचे, लेकिन 155.1 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। चीन के हु काइ ने स्वर्ण, दक्षिण कोरिया के होंग सुहियोन ने रजत और ईरान के आमिर जोहारिखोउ ने कांस्य पदक जीता। जूनियर वर्ग में भारत के कपिल ने 243.0 अंक के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण अपने नाम किया, जबकि गेविन एंटनी ने कांस्य पदक जीता। गेविन (582), कपिल (579) और विजय तोमर (562) की भारतीय टीम ने 1,723 अंक जुटाकर टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। दक्षिण कोरिया ने 1,734 अंकों के साथ स्वर्ण जीता। भारत इस बार रिकॉर्ड 182 निशानेबाज उतार रहा है। पिछली बार चांगवोन (दक्षिण कोरिया) में भारत ने कुल 59 पदक (21 स्वर्ण, 22 रजत, 16 कांस्य) जीते थे।

# एशिया कप के लिए टीम चयन से पहले सरफराज खान का धमाका



**नयी दिल्ली :** एशिया कप 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारतीय टीम की घोषणा कर सकता है। इससे पहले युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने शानदार शतकीय पारी खेलकर चयनकर्ताओं के लिए खास संदेश भेजा है।

### 138 रनों की तूफानी पारी खेलकर लौटे सरफराज

दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज इन दिनों मुंबई के लिए बूची बाबू टूर्नामेंट में खेलते नजर आ रहे हैं। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 92 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया। तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज ने 114 गेंदों में 10 चौके और छह छक्के की मदद से 138 रन बनाए। वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। अपनी इस पारी के साथ सरफराज ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया का दरवाजा खटखटाया है।

# अदिति सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पोर्टलैंड क्लासिक में छठे स्थान पर रही



**पोर्टलैंड (ओरेगन) :** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक आखिरी दौर में पांच अंडर 67 के शानदार कार्ड के साथ एलपीजीए टूर के 'द स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक' में छठे स्थान पर रही। अदिति का यह मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह इस सत्र में सिर्फ दूसरा मौका है जब वह शीर्ष 10 में रही है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त नौवां स्थान (मायाकोबा में रिवियेरे माया ओपन) था। अदिति ने चार दौर में 69-70-65-67 के कार्ड के साथ कुल 17 अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने आखिरी दौर में दो बोगी के मुकाबले सात बर्डी लगाये। जापान की अकेई इवाई छह अंडर 64 का कार्ड खेलने के बाद चार शॉट से बड़ी जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 24 अंडर का रहा। भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर (65-68-70-65) ने आखिरी दौर में सात अंडर के कार्ड के साथ कुल 20 अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

# खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे

**श्रीनगर :** पहले खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल (केआईडब्ल्यूएसएफ) का आयोजन यहां 21 से 23 अगस्त तक डल झील पर किया जायेगा जिसमें 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें नौकायन, कयाकिंग और केनोइंग की स्पर्धायें होंगी। गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीत खेलों के पांच बार सफल आयोजन के बाद खेल मंत्रालय की घाटी में खेल गतिविधियों को बढावा देने की पहल में यह अगला कदम है।

# मोहन बागान का खिलाड़ियों को रिलीज करने से इनकार

**कोलकाता :** इंडियन सुपर लीग के मौजूदा चैंपियन मोहन बागान ने अपना फैसला बरकरार रखते हुए सोमवार को अपने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर के लिए भेजने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि फीफा विंडो के बाहर यह अनिवार्य नहीं है। भारतीय टीम ने अगले महीने होने वाले सीएएफए नेशंस कप से पहले 15 अगस्त को बेंगलुरु में अपना अभ्यास शिविर शुरू किया, लेकिन मोहन बागान के सात खिलाड़ियों सहित 13 खिलाड़ी शिविर में शामिल नहीं हुए। मोहन बागान ने डूरंड कप का हवाला देकर पहले अपने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर के लिए रिलीज करने से इनकार कर दिया था। उसकी टीम डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल में ईस्ट बंगाल से हार गई लेकिन क्लब ने इसके बाद ही अपना पुराना रवैया बरकरार रखा। बागान ने अब 16 सितंबर को साल्ट लेक स्टेडियम में तुर्कमेनिस्तान के अहल एफसी के खिलाफ होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग टू के अपने पहले मैच का हवाला दिया है।



# भारत समुद्री सप्ताह-2025 में सात साझेदार देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे



**मुंबई :** वित्तीय राजधानी में 27 अक्टूबर से आयोजित होने वाला भारत समुद्री सप्ताह (आईएमडब्ल्यू), 2025 में सात साझेदार देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी की जायेगी। एक सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में उप सचिव राजेश असाती ने बताया कि भारत ने इस पांच दिवसीय वैश्विक आयोजन के लिए सात साझेदार देशों की पहचान की है, जिसमें 100 से अधिक देशों के लगभग एक लाख प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने बताया कि साझेदार देशों में डेनमार्क, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, जापान, नीदरलैंड, नॉर्वे और सिंगापुर शामिल हैं। आईएमडब्ल्यू-2025 में वार्षिक वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन भी शामिल होगा। असाती ने आगामी कार्यक्रम पर एक रोड शो में कहा, 'हमने अपने साझेदार देशों की पहचान पहले ही कर ली है। इसलिए ये सात साझेदार देश हमारे साथ हैं। हम मिलकर काम कर रहे हैं। इन देशों से कुछ मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल हमारे साथ आ रहे हैं। और संभवतः 20 से ज़्यादा देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडलों को पहले ही अंतिम रूप दे दिया गया है।' अधिकारी ने कहा कि सरकार पहले ही अपने अन्य साझेदारों के साथ सहयोग कर चुकी है और 'उद्योग साझेदारों के साथ-साथ, हमारे संस्थागत साझेदार, मीडिया और ज्ञान साझेदार भी हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारे कुछ अन्य देश भी हैं, जिनका हमने साझेदार के रूप में उल्लेख नहीं किया है।' उन्होंने कहा, "लेकिन हमें जर्मनी, फ्रांस, सऊदी अरब, कतर जैसे देशों से अच्छी औद्योगिक भागीदारी मिल रही है। इसके अलावा, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया से भी हमारी भागीदारी हो सकती है।

# फास्टैग वार्षिक पास उपयोगकर्ताओं की संख्या चार दिन में पांच लाख के पार

**नयी दिल्ली :** फास्टैग वार्षिक पास सुविधा ने चार दिन के भीतर देश भर में पांच लाख उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। फास्टैग वार्षिक पास राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर लगभग 1,150 टोल संग्रह बूथ पर लागू है। इससे उपयोगकर्ता 3,000 रुपये के एकमुश्त भुगतान पर एक साल में 200 टोल प्लाजा पार कर सकते हैं। इस वार्षिक पास की शुरुआत 15 अगस्त को हुई थी। इस सुविधा को देशभर में राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के बीच जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। बयान में कहा गया कि पिछले चार दिन में वार्षिक पास खरीद के लिहाज से तमिलनाडु सबसे आगे रहा। इसके बाद कर्नाटक और हरियाणा का स्थान है। फास्टैग वार्षिक पास के जरिये सबसे अधिक लेनदेन तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के टोल प्लाजा पर हुए। यह पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए मान्य है। यह राजमार्गयात्रा ऐप या एनएचएआई वेबसाइट के जरिये एकमुश्त भुगतान के दो घंटे के भीतर सक्रिय हो जाता है।

# सीतारमण 20 अगस्त को मंत्री समूह की बैठक में शामिल होंगीं, अगली पीढ़ी के सुधारों पर होगी चर्चा



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जीएसटी में सुधारों को लेकर बुधवार को राज्यों के मंत्रियों के समूह की एक बैठक को संबोधित करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन सुधारों के तहत कर दरों में कटौती होगी और आम इस्तेमाल की वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी। केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह के समक्ष पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ-साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों ने के अनुसार, इस प्रस्ताव के तहत मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत की कर दरों को हटाने का प्रस्ताव है। 20 और 21 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली राज्यों के मंत्री समूह की दो दिन की बैठक में सुधार प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'इसका उद्देश्य जीएसटी सुधार प्रस्ताव के पीछे केंद्र के दृष्टिकोण को सामने रखना है। हालांकि, केंद्र इस मंत्री समूह का सदस्य नहीं है, लेकिन केंद्रीय वित्त मंत्री की उपस्थिति और उनके संबोधन से मंत्री समूह को केंद्र के प्रस्ताव के पीछे की सोच और विचार को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी।' केंद्र ने वस्तुओं को 'गुण' और 'मानक' श्रेणी में वर्गीकृत करते हुए पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब का प्रस्ताव किया है। इस वर्गीकरण में अपनाए गए व्यापक सिद्धांत का उद्देश्य मध्यम वर्ग, एमएसएमई और कृषि क्षेत्र पर कर का बोझ कम करना है। प्रस्तावित 40 प्रतिशत स्लैब, केवल पांच से सात वस्तुओं पर लागू होगा। इनमें पान मसाला, तंबाकू और ऑनलाइन गेमिंग जैसी अहितकर वस्तुएं शामिल हैं। यह जीएसटी कानून के तहत उच्चतम स्वीकार्य कर दर है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) वर्तमान में 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है। खाद्य और आवश्यक वस्तुओं पर कर शून्य या पांच प्रतिशत है, जबकि विलासिता और समाज के नजरिये से अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। इसके ऊपर उपकर भी लगता है। यदि केंद्र के प्रस्ताव को मंत्री समूह स्वीकार करता है, तो इसे अगले महीने सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद की होने वाली संभावित बैठक के समक्ष रखा जाएगा। परिषद में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हैं।

### जीएसटी में कटौती से बढ़ेगी एसी की मांग, कीमतें 2,500 रुपये तक घटेंगी

**नयी दिल्ली :** एयर कंडीशनर (एसी) पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने के सरकार के प्रस्ताव से उपकरण विनिर्माताओं को आगामी त्योहारों के दौरान अच्छी बिक्री की उम्मीद है। इससे विभिन्न मॉडल के आधार पर एयर कंडीशनर (एसी) की कीमतें 1,500 रुपये से 2,500 रुपये तक कम हो जाएंगी। सरकार द्वारा हाल ही में आयकर में कटौती और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में संशोधन के बाद कीमतों में यह कटौती होने जा रही है। अब इस कदम से न केवल एसी तक लोगों की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि 'प्रीमियम एसी' की मांग भी बढ़ेगी जहां लोग लागत लाभ के कारण ऊर्जा-कुशल मॉडल खरीदेंगे। इसके अलावा, इससे 32 इंच से अधिक के टीवी स्क्रीन पर जीएसटी स्लैब को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने में भी मदद मिलेगी।

### बेरोजगारी दर जुलाई में 5.2%

**नयी दिल्ली :** देश में बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.2% पर आ गई, जो जून में 5.6% थी। ग्रामीण इलाकों में यह 4.4% रही जबकि शहरी क्षेत्रों में 7.2% दर्ज हुई। युवाओं (15-29 वर्ष) में बेरोजगारी घटकर 14.9% रही। सर्वेक्षण के अनुसार श्रमबल भागीदारी दर जुलाई में बढ़कर 41.4% और श्रमिक जनसंख्या अनुपात 52% हो गया। मंत्रालय ने बताया कि नए नमूना ढांचे के तहत पूरे देश में 89,505 परिवारों और 3.79 लाख व्यक्तियों से जानकारी जुटाई गई। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसरों में सुधार हुआ है, जबकि शहरी क्षेत्रों में युवाओं की बेरोजगारी अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। सरकार का मानना है कि औद्योगिक गतिविधियों और सेवा क्षेत्र की तेजी से आने वाले महीनों में रोजगार की स्थिति और बेहतर हो सकती है।

# जीएसटी सुधारों की घोषणा से शेयर बाजार में रौनक, सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा



**मुंबई :** दिवाली तक जीएसटी कर स्लैब में बड़े सुधार किए जाने की घोषणा से वाहन एवं टिकाऊ उपभोक्ता कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही। सेंसेक्स 676 अंक और निफ्टी 246 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 676.09 अंक यानी 0.84 प्रतिशत बढ़कर 81,273.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,168.11 अंक चढ़कर 81,765.77 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों सूचकांक निफ्टी भी 245.65 अंक यानी एक प्रतिशत चढ़कर 24,876.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 390.7 अंक की बढ़त के साथ 25,022 तक पहुंच गया था। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी की तरफ से भारत की साख को बढ़ाए जाने से भी निवेशक धारणा को बल मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति का शेयर सबसे अधिक 8.94 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा बजाज फाइनेंस में पांच प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 3.71 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 3.7 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और ट्रेंट के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, आईटीसी का शेयर 1.26 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इटर्नल, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा।

## न्यूज अपडेट

### सोना 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर, चांदी 1,000 रुपये चढ़ी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शनिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के 1,01,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव के मुकाबले 500 रुपये की गिरावट के साथ 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुक्रवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,00,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'सोने में स्थिरता रही, पिछले शुक्रवार को अमेरिका-रूस बैठक में यूक्रेन मामले में कोई स्पष्ट समाधान नहीं निकला। हालांकि बातचीत का रुख सकारात्मक रहा।'

### रुपया 20 पैसे की बढ़त के साथ 87.39 प्रति डॉलर पर

**नयी दिल्ली :** मजबूत घरेलू शेयर बाजार के समर्थन से रुपया सोमवार को 20 पैसे की बढ़त के साथ 87.39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 अगस्त को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में सुझाए गए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से भारतीय रुपया सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि हालांकि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क के मुद्दे पर अनिश्चितता के कारण बाजार भागीदारों के सतर्क रहने के आसार हैं।

### जीएसटी में केंद्र, राज्य समान हितधारक, राजस्व का समान बंटवारा: सरकारी सूत्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र के प्रस्तावित दो स्लैब वाले जीएसटी से राजस्व पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंताओं के बीच सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि केंद्र राज्यों के साथ राजस्व बंटवारे में समान भागीदार है। उन्होंने यह भी कहा कि अगली पीढ़ी का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मध्यम वर्ग का समर्थन करता है और खपत बढ़ने के कारण इससे समय के साथ राजस्व बढ़ने की उम्मीद है। इस समय जीएसटी ढांचे के तहत राजस्व केंद्र और राज्यों के बीच समान रूप से साझा किया जाता है। इसके अतिरिक्त, वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार विभाज्य कर पूल में केंद्र के हिस्से का 41 प्रतिशत राज्यों को आवंटित किया जाता है। एक सरकारी सूत्र ने कहा, 'जीएसटी में क्या संग्रह हो रहा है और क्या संग्रह होगा, इस पर केंद्र की समान चिंताएं हैं। जीएसटी परिषद का सदस्य होने के नाते केंद्र और राज्य, दोनों समान भागीदार हैं।

### बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.2 प्रतिशत पर आई: सरकारी सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली :** देश में बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई जबकि जून में यह 5.6 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह आंकड़े सामने आए हैं। मई में भी बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही। पुरुषों में बेरोजगारी की दर थोड़ी अधिक 5.3 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह 5.1 प्रतिशत थी। जुलाई में शहरी क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर बढ़कर 7.2 प्रतिशत हो गई जो जून में 7.1 प्रतिशत थी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर घटकर 4.4 प्रतिशत रही जो इससे जून में 4.9 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण के मुताबिक, 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी घटकर जुलाई में 14.9 प्रतिशत रही, जो जून 2025 में 15.3 प्रतिशत थी। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में इस आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर जुलाई में मामूली रूप से बढ़कर 19 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 18.8 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में इसी आयु वर्ग (15-29 वर्ष) के लिए यह दर घटकर जुलाई में 13 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछले महीने 13.8 प्रतिशत थी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3331 अंक 141, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in